प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com


Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-28 | मथुरा, बुधवार, 25 मार्च 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# जंग से रसोई गैस संकट : अच्छे दिन कब आएंगे पता नहीं, पर पुराने दिन लौट आए

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अच्छे दिन कब आएंगे, पता नहीं। पर पुराने दिन लौट आए। यह अहसास आजकल लोगों को हो रहा है। हर किसी की जुबान एक ही चर्चा है कि किसी ने सोचा नहीं था कि गैस संकट में अंगीठी और चूल्हे पर रोटी बनानी पड़ जाएगी। शहरी, कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस संकट को लेकर चर्चा हो रही है। सरकार के बदलते नियमों को लेकर रसोई गैस उपभोक्ता टेंशन में दिखाई दे रहे हैं। आखिरकार इस संकट का समाधान कब होगा। संकट को देखते हुए कई परिवारों में



चूल्हे और अंगीठी दिखाई देने लगी हैं। 60 वर्षीय ताराचंद का कहना है कि करीब चालीस साल पहले लोग डीजल, मिट्टी के तेल के लिए लाइन लगाते थे। धीरे–धीरे करके सरकार ने जनता के बीच डीजल और मिट्टी के तेल की लाइन खत्म करा दी और लोगों को बड़े आराम के साथ डीजल

## घरों में चूल्हे और अंगीठी का उपयोग होने लगा

और मिट्टी का तेल मिलने लगा। 70 साल के वृद्ध रामकिशन कहते हैं कि उनके सामने रसोई गैस सिलेंडर आए थे। उस समय सिलेंडर महीने भर से अधिक चलता था। वजह थी कि परिवार की महिलाएं रसोई गैस के साथ चूल्हे और अंगीठी का भी प्रयोग करने लगी। नई बहुओं को रसोई गैस सिलेंडर पर खाना बनाना आसान लगा तो चूल्हें और अंगीठी को एक किनारे कर दिया। समय बदलने के साथ डीजल, कैरोसिन और रसोई गैस बिना दिक्कत के जनता को मिलने लगी। किसी को यह आभास नहीं था कि ईरान, इजराइल और अमेरिका युद्ध से संकट पैदा होगा। अब इस संकट ने लोगों को सोचने के लिए विवश कर दिया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की चौपाल और बाजारों में लोगों के बीच एक ही बात सुनाई देने लगी कि अच्छे दिन कब आएंगे, इस बात का तो पता नहीं है बल्कि पुराने लोगों के सामने पुराने दिन लौट आए। उनके सामने घरों में लकड़ी के चूल्हे और अंगीठी जलने लगी है। इन पर घर का अधिकांश काम होना शुरू हो गया है। दरेसी रोड स्थित बाजार में लोहे की अंगीठियों को खरीदने के लिए लोग दिखाई दे रहे हैं। रसोई गैस संकट का असर विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर दिखाई देने लगा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि वह निजी हॉस्टलों में रहते हैं। छोटे सिलेंडरों में गैस भरवा कर अपने कमरों चाय, काफी समेत अन्य कुछ खाना बनाते हैं, लेकिन अब छोटे सिलेंडरों को भरवाने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

### गैस सिलेंडर सप्लाई में खेलः जांच में खुली पोल

# 15 दिन बाद भी नहीं मिली डिलीवरी हॉकरों की मनमानी पर विभाग सख्त

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय बाजार तक पहुंचता दिख रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी नहीं मिल रही, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें 10 से 15 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि गृहणियों को चिंता सता रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि डिलीवरी करने वाले हॉकर मनमानी कर रहे हैं। सिलेंडर समय पर नहीं पहुंचाए जा रहे और जब लोग जानकारी लेने के लिए संपर्क करते हैं तो उन्हें बार–बार "आज आएगा" या "कल मिलेगा" कहकर टाल दिया जाता है। कुछ मामलों में कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी संजय सिंह के निर्देश पर तीन गैस एजेंसियों क्रमशः सांची भारत गैस एजेंसी, शिवानी इंडियन और शहीद ए.के. इंडियन की जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी है और हॉकरों की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। अधिकारियों की

## तीन गैस एजेंसियों के स्वामियों को दिए नोटिस

टीम ने जब एजेंसियों का निरीक्षण किया तो पाया गया कि डिलीवरी का तय क्रम सही तरीके से पालन नहीं हो रहा।

कई जगहों पर बुकिंग के अनुसार सिलेंडर भेजने में देरी की जा रही है। विभाग ने इस स्थिति को गंभीर मानते हुए संबंधित एजेंसियों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को परेशान करना किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एजेंसियों को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में ऐसी शिकायतें दोबारा मिलीं तो सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और समयबद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें डिलीवरी में देरी, अधिक पैसे की मांग या किसी भी तरह की अनियमितता का सामना करना पड़े तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। इससे न केवल समस्या का समाधान होगा बल्कि दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव पहुंचे बांके बिहारी की शरण में



ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पूजा करते टीम इंडिया स्पिनर कुलदीप यादव अपनी पत्नी वंशिका के साथ।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी पत्नी वंशिका, पिता और बहन के साथ यहां पहुंचे। सपरिवार आए कुलदीप यादव ने एक होटल विश्राम किया। इसके बाद उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की।

भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने ठाकुर जी के सामने माथा टेका। देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद मंदिर प्रबंधन की ओर से उन्हें ठाकुर जी का प्रसादी स्वरूप अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद दिया। मंदिर प्रांगण में कुलदीप यादव की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक उमड़ पड़े।

**सख्ती** नया कीटनाशक बिल: किसानों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम

# केंद्र सरकार 57 साल पुराने कानून को बदलने की तैयारी में

**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** खेती और किसानों को खतरनाक व अवैध कीटनाशकों से बचाने के लिए केंद्र सरकार 57 साल पुराने कानून को बदलने की तैयारी में है। सरकार "कीटनाशक प्रबंधन विधेयक" ला रही है, जो 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे संसद में पेश किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य किसानों की जान की सुरक्षा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

देश में कीटनाशकों के जहरीले प्रभाव से हर साल हजारों किसानों की मौत हो जाती है और खाद्य पदार्थ भी दूषित हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए नए बिल में डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। हर कीटनाशक को सरकारी डिजिटल डैशबोर्ड पर रजिस्टर करना अनिवार्य होगा, चाहे वह देशी हो या




विदेशी। इसके अलावा, किसानों को सुरक्षित छिड़काव के लिए प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरण (प्रोटेक्टिव गियर) की व्यवस्था भी की जाएगी।

नए कानून के तहत कीटनाशकों की नेशनल रजिस्ट्री बनाई जाएगी और एक केंद्रीय बोर्ड दिशा-निर्देश तय करेगा। इससे यह ट्रैक किया जा सकेगा कि किस राज्य में कितना कीटनाशक सप्लाई और बिक्री हुई। लेबलिंग, पैकेजिंग और परिवहन पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। अगर कोई कीटनाशक स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरता और उसके कारण मौत होती है, तो दोषियों को सजा और भारी जुर्माना लगेगा। बार-बार नियम तोड़ने

## कीटनाशक के कारण मौत होने पर दोषियों को सजा और लगेगा भारी जुर्माना

## नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है

## प्रतिबंधित कीटनाशकों के निर्माण और बिक्री पर 50 हजार से 2 लाख रुपये तक का जुर्माना

पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। गैर-रजिस्टर्ड या प्रतिबंधित कीटनाशकों के निर्माण और बिक्री पर 50 हजार से 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

### हाईवे पर यात्री बस और कैंटर भिड़े

# दुर्घटना के बाद हाईवे पर लगीं वाहनों की लंबी कतारें

संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां क्षेत्र स्थित हाईवे पर औद्योगिक क्षेत्र में एक यात्री बस और कैंटर में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में कैंटर पलट गया। बस में सावार यात्रियों में से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। हाईवे पर आज दोपहर को औद्योगिक क्षेत्र के समीप एक यात्रियों से भरी बस और कैंटर में आमने सामने की भिड़त हो गई। दुर्घटना के बाद कैंटर हाईवे पर पलट गया। बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि दुर्घटना के दौरान बस की सवारियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना के कारण हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग

## बस की सवारियों में किसी को नहीं आयी गंभीर चोट

## एनएचआई की टीम ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया

गई। इसके चलते लोगों को वहां से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर हुई दुर्घटना का पता लगने पर पुलिस और एनएचआई की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने क्रेन के माध्यम से पलटे कैंटर और दुर्घटनाग्रसत बस को वहां से हटवाने के बाद हाईवे पर यातायात को सुचारू कराया।

### जनगणना–2027 की तैयारी: हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के लिए घर–घर सर्वे शुरू होगा

# जनगणना के लिए प्रदेश सरकार ने जारी किया बजट

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** आगामी जनगणना–2027 की तैयारियों को गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने जनपदों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी शुरू कर दी है। इसके तहत मथुरा सहित सभी जिलों को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) कार्य के लिए तकनीकी सहायता मद में धनराशि आवंटित की गई है, जिससे जमीनी स्तर पर जनगणना कार्य को मजबूती मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार, जनगणना के प्रथम चरण में घर–घर जाकर मकानों का सर्वे और सूचीकरण किया जाएगा। इस कार्य के सुचारु संचालन के लिए तकनीकी सहायकों और मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) की तैनाती की जा रही है, जिनके खर्च की भरपाई हेतु यह बजट जारी किया गया है। आवंटन सूची के अनुसार मथुरा जनपद को इस कार्य के लिए लगभग 6.68 लाख रुपये की धनराशि दी गई है, जिसका उपयोग केवल निर्धारित मदों में ही किया जाएगा। किसी अन्य मद में इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। जनगणना कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए खर्च और



कार्य दोनों की निगरानी पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि धनराशि आवश्यकता के अनुसार ही निकाली जाए और अनावश्यक रूप से बैंक या अन्य स्थानों पर न रखी जाए। जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर भविष्य की नीतियां और योजनाएं तय होती हैं। ऐसे में मथुरा में इस कार्य के लिए समय से संसाधन उपलब्ध होना प्रशासनिक तैयारी को मजबूत करेगा। कुल मिलाकर, इस वित्तीय सहायता से मथुरा में जनगणना–2027 के पहले चरण की तैयारियां तेज होंगी और घर–घर सटीक आंकड़ों के संकलन का लक्ष्य समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। जनगणना जैसे व्यापक कार्य में तकनीकी सहायकों और एमटीएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इनके माध्यम से फील्ड स्तर पर सूचनाओं का सही और समयबद्ध संकलन संभव हो पाएगा। जनगणना का यह चरण बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी के आधार पर आगे जनसंख्या, आवासीय स्थिति और विकास से जुड़े आंकड़े तैयार किए जाते हैं। इसलिए प्रशासन द्वारा इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सही और सटीक डेटा संग्रहण से सरकार को भविष्य की योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। इससे शहरी और ग्रामीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और संसाधनों के उचित वितरण में सहूलियत मिलती है।

### जनगणना के प्रथम चरण में घर–घर जाकर होगा मकानों का सर्वे और सूचीकरण

प्रथम चरण के तहत मथुरा जनपद में घर–घर जाकर मकानों का सर्वे और सूचीकरण किया जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक घर, भवन और आवासीय इकाई का विस्तृत डेटा संकलित किया जाएगा, जो आगे की जनगणना प्रक्रिया का आधार बनेगा। इस चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के तहत मकानों की स्थिति, उपयोग और अन्य आवश्यक जानकारियों को दर्ज किया जाएगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रशासन को वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है, जिससे संसाधनों की कमी न हो। प्रशिक्षित कर्मचारियों को फील्ड में भेजा जाएगा, जो प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी एकत्र करेंगे। साथ ही डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर डेटा को तुरंत रिकॉर्ड और सुरक्षित किया जाएगा।

## तकनीकी सहायकों और मल्टी टास्किंग स्टाफ की होगी तैनाती

**यूनिक समय, मथुरा।** जनगणना–2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को गति देने के लिए मथुरा जनपद में तकनीकी सहायकों और मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) की तैनाती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ होगी।

प्रशासन द्वारा इस कार्य के लिए आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने और उनके व्यय की भरपाई हेतु बजट भी आवंटित किया गया है, जिससे कार्य को सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। मिली जानकारी के अनुसार, जनगणना के प्रारंभिक चरण में तकनीकी सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके तहत डाटा संकलन, डिजिटल रिकॉर्डिंग और फील्ड स्तर पर समन्वय के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती की कवायद शुरू की जाएगी। पर्याप्त और प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता से जनगणना कार्य में पारदर्शिता और सटीकता आएगी। इसके साथ ही डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन में भी तेजी आएगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग आसान हो सकेगी।

### तापमान / मौसम

31 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

18 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,44,910

22 कैरेट 1,33,317

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,35,800 प्रति किलो

### आपातकालीन सेवाएं

| | |
|---|---|
| 112 | -आपातकालीन सेवा |
| 1962 | - रेलवे हेल्पलाइन |
| 100 | - पुलिस |
| 108 | - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा) |
| 102 | - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा) |
| 101 | - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) |
| 1090 | - महिला हेल्पलाइन |
| 1091 | - महिला पुलिस सहायता |
| 1098 | - चाइल्ड हेल्पलाइन |
| 104 | - स्वास्थ्य सलाह सेवा |
| 1076 | - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन |
| 1033 | - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा |
| 1073 | - सड़क दुर्घटना आपात सहायता |

# महिला पुलिसकर्मियों की रैली ने बढ़ाई जागरूकता



मिशन शक्ति की जागरूकता बाइक स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाते मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी एसपीआरए सुरेशचंद रावत।

### एसपीआरए ने हरी झंडी दिखा रैली को किया रवाना

### मिशन शक्ति के द्वितीय चरण में पुलिस लाइन से निकली बाइक रैली

### 137 महिला पुलिसकर्मी व पुलिस मॉर्डन की शिक्षिका हुई शामिल

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज पुलिस लाइन से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बाइक–स्कूटी रैली को एसपीआरए ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जनपद में चल रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आज पुलिस लाइन से बाइक–स्कूटी रैली को मिशन शक्ति के नोडल अदिकारी एसपीआरए सुरेशचंद रावत ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर रैली टैंक चौराहा, एसबीआई डीग गेट चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन तक पहुंची।

इस रैली में 137 महिला पुलिस कर्मियों तथा पुलिस मॉडर्न स्कूल की शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने मिशन शक्ति के सशक्त स्लोगन्स वाली तख्तियों के साथ बाइक और स्कूटी पर सवार होकर जागरूकता फैलाई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने "मिशन शक्ति से महिलाएं सुरक्षित, सम्मानित", "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "महिलाओं का सम्मान, समाज का अभिमान" जैसे स्लोगन्स बुलंद किए। नागरिकों ने रैली का स्वागत किया। यह रैली न केवल महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने वाली थी, बल्कि जनमानस में मिशन शक्ति की भावना को भी मजबूत करने वाली साबित हुई। श्री रावत ने कहा कि मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए संचालित है। इसके संबंध में जागरूकता के अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि सभी सर्कल मुख्यालयों पर भी महिला पुलिस कर्मियों की बाइक स्कूटी रैली निकालकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया है।

### दादा–दादी के महत्व पर चर्चा

# बुजुर्गों की देखभाल समाज की जिम्मेदारी



अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम में अधिकारी।

### अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत संगोष्ठी

### राजीव भवन में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव भवन सभागार में बुधवार को अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम ने समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की नई पहल को मजबूती दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही राजकीय अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका छात्रावास के छात्र–छात्राएं, अधीक्षक–अधीक्षिका तथा आवासीय वृद्ध आश्रम के संवासी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम में पीढ़ियों के बीच संवाद का सशक्त मंच तैयार हुआ। इस दौरान 'माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण अधिनियम 2007' की विस्तार से जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह कानून बुजुर्गों को उनके अधिकार दिलाने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन, सुरक्षा उपायों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। वक्ताओं ने अंतर पीढ़ीगत संबंधों को मजबूत करने, दादा–दादी एवं नाना–नानी के अनुभवों से सीख लेने तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही समाज की नींव मजबूत होती है। कार्यक्रम का समापन प्रेरक संदेशों के साथ हुआ, जिसमें युवाओं से बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सहयोग और संवेदनशीलता अपनाने का आह्वान किया गया।

### जिला पंचायत मथुरा की बैठक 28 मार्च को आयोजित

यूनिक समय, मथुरा। अध्यक्ष जिला पंचायत मथुरा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक दिनांक 28 मार्च 2026 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे जिला पंचायत परिसर स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जनपद के विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। अतः समस्त मा० जिला पंचायत सदस्यगण, सांसद, समस्त विधायक, ब्लॉक प्रमुख तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर सहभागिता सुनिश्चित करें।

### ताऊ की हत्या में वांछित भतीजा गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने पारिवारिक झगड़े में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की मौत हो जाने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मसंद गढ़ी में 22 मार्च को परिवार के बच्चों के खेलने के दौरान हुए झगड़े में चंद्रप्रकाश, कृष्णकांत उर्फ कान्हा ने अपने ताऊ व ताई को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। इस मामले में थाना नौहझील में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गंभीर रूप से घायल ताऊ को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त कृष्णकांत उर्फ कान्हा को यमुना एक्सप्रेस वे के किलो मीटर 75 के पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया है।

# जल जीवन मिशन पर शिकंजा, मथुरा में हर महीने होगी सख्त समीक्षा

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ताजा जानकारी के अनुसार अब जिला स्तर पर प्रत्येक माह पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित कर सभी योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। शासन से स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि सभी निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी पाइप पेयजल योजनाओं का डेटा पोर्टल पर नियमित अपडेट किया जाए और कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। साथ ही परियोजनाओं में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की लगातार जांच और निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। गांव स्तर पर जलापूर्ति की स्थिति को लेकर भी स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। जिन गांवों में 90 प्रतिशत या उससे अधिक जलापूर्ति हो रही है, वहां शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश हैं, जबकि जिन क्षेत्रों में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं, वहां कारणों की पहचान कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। पाइपलाइन लीकेज, विद्युत बाधा या अन्य तकनीकी समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने पर जोर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जल गुणवत्ता की निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से नियमित परीक्षण कराने तथा परिणामों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों में जल एवं स्वच्छता समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करते हुए संचालन एवं अनुरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने पर भी बल दिया गया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए संभावित जल संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा गया है, ताकि किसी भी गांव में पेयजल की कमी न हो।

गौरतलब है कि इन निर्देशों के सख्ती से पालन से न केवल योजनाओं की गति तेज होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

### पेयजल योजनाओं पर प्रशासन सख्त, अब मासिक मॉनिटरिंग अनिवार्य

### फील्ड टेस्ट किट से होगी पानी की जांच, पोर्टल पर अपलोड होगी रिपोर्ट

### महीने में पांच दिन बाकी, नहीं मिला राशन

# राशन का संकट : बाजरे के इंतजार में थमी सप्लाई


बाजरा नहीं होने से बंद राशन की दुकान।

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** मार्च महीने के समाप्त होने में अब केवल पांच दिन बचे हैं, लेकिन राशन धारकों को बीत रहे महीने का राशन नहीं मिला है। गेहूं और चावल का एक सप्ताह पहले आवंटन होने के बाद वितरण का काम बाजरा आने के इंतजार में थमा हुआ है।

वहीं, असहाय और गरीब वर्ग की रसोई में राशन की चिंता होने लगी है। सरकार की ओर से अंत्योदय और पात्र गृहस्थी

## गेहूं और चावल कोटेदारों को मिल गया है एक सप्ताह पहले

## राशन धारकों की बढ़ी धड़कन, सूनी है रसोई

कार्ड धारकों को हर महीने खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। दोनों प्रकार के कार्डों पर राशन धारकों को गेहूं और चावल हर महीने बांटा जाता है, जबकि अंतोदय कार्ड धारकों को त्योहारों पर चीनी भी उपलब्ध कराई जाती है। इस राशन में बीते कई महीने से गेहूं और चावल के साथ बाजरा भी कार्ड धारकों को बांटने का काम हो रहा है, लेकिन इस बार मार्च महीना समाप्त होने को है, लेकिन कार्ड धारकों को राशन का वितरण नहीं हो सका है।

## बाजरा के कारण बढ़ी परेशानी

राशन डीलरों को एक सप्ताह पहले कार्ड धारकों को बांटने के लिए गेहूं और चावल तो शासन की ओर से गोदामों से उपलब्ध कराया गया, लेकिन बाजरा उपलब्ध नहीं हुआ। पूर्ति विभाग से जुड़े जानकारों ने बताया कि फिरोजाबाद के सिरसागंज से बाजरा की आपूर्ति फरह क्षेत्र के लिए होनी थी, कई दिन से गोदाम पर वहां भी खड़े थे, लेकिन मजदूरों ने कम मजदूरी मिलने की बात कहते हुए वाहनों में बाजरा नहीं लादा। इस वजह से राशन वितरण नहीं हो सका। पास मशीन में मार्च के लिए गेहूं, चावल और बाजार फीड किया गया है, इसलिए बिना बाजरा उपलब्धता के मशीन संचालित नहीं हो सकतीं। बाजरा भी उपलब्ध होने के बाद वितरण संभव था।

## कल से मिलेगा राशन

फिरोजाबाद से आवंटित बाजरा क्षेत्रीय राशन डीलरों की दुकानों पर पहुंचा है। बुधवार को डीलरों ने बाजरा अपने गोदाम में रखवाया। अब गुरुवार से राशन का वितरण शुरू होगा।




# बिजली निजीकरण और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन


मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में बिजली विभाग के निजीकरण, अनियमित स्मार्ट मीटर स्थापना और बढ़ते बिलों के खिलाफ बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंट स्थित विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर मुख्य अभियंता को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया और स्मार्ट मीटर योजना आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों में ट्यूबवैलों को पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। 300 यूनिट मुफ्त बिजली आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया है।

उपभोक्ताओं को बिल की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। केवल मोबाइल संदेश के माध्यम से राशि भेजी

## राज्यपाल के नाम मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

जा रही है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी रहती है। थोड़ी देरी होने पर कनेक्शन काटने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी तेज कर दी गई है। इस मौके पर ललिता देवी, रूपा लवानिया, भगवान देवी, अर्पित जादौन, धन्य तिवारी, कासन रिजवी, रवि वाल्मीकि, गौरी शंकर यादव, अप्रतिम सक्सेना, महेश चौबे, रमेश कश्यप, अशोक निषाद, अभय प्रताप सिंह, शैलेंद्र चौधरी, कुंवर सिंह निषाद, अश्वनी शुक्ला, हरीश पचौरी, सुरेश शर्मा, बनवारी लाल, संतोष श्रीवास्तव, पूरन सिंह, नीरज, ललतेश, मोनू, मंजू, सुमन, गुड्डी, सपना, बलबीर सिंह, मनोज गौड़ एवं विक्रम बाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

# ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार के ग्राम पानीगांव में एक विवाहिता की दहेज की मांग को लेकर ससुराल में फांसी लगा कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना मांट के गांव सामोली निवासी भोजा ने बताया कि उसके भाई हेतराम ने अपनी दो बेटियों की शादी थाना यमुनापार के पानी गांव में रहने वाले दिनेश और उसके भाई राकेश के साथ की थी। दोनों पुत्रियों की शादी 24 मई 2020 को हुई थी। हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी में सामर्थ्यनुसार दान दहेज दिया गया था। एक बेटी कृष्णा की शादी राकेश दूसरी की शादी दिनेश के साथ की थी। शादी के कुछ दिन तो दोनों बेटियां ससुराल में ठीक तरह से रही। इसके बाद पचास हजार रुपये और मोटरसाइकिल की मांग लेकर उन्हे प्रताड़ित किया जाने लगा। लड़कियों ने कहा कि उनके मायके वालों की इतनी हैसियत नहीं है। इस पर ससुरालीजनों द्वारा उनके साथ मारपीट की जाने लगी। लड़कियों ने अपने मायके इस बात की शिकायत की। इस पर परिवार के लोग

## परिवार के लोगों ने दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप

गांव के कुछ संभ्रांत लोगों के साथ पानीगांव गए और राकेश व दिनेश के परिवार के लोगों को समझा बुझाया। इसके बाद कुछ दिन बाद फिर से ससुराली जनों द्वारा उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कल ससुरालीजनों ने कृष्णा की फांसी लगा कर हत्या कर दी। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार करने के लिए ले जाने लगे। बेटी की मौत का पता लगने पर परिवार के लोगों भी पानी गांव पहुंच गए। पुलिस को उनके द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कृष्णा के चाचा ने इस बारे में उसकी दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए राकेश, उसके बड़े भाई दिनेश, बाबा बने राजू व उनकी मां के अलावा मईंया ससुर भवानी शंकर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# राल ड्रेन से अवैध खनन करने की ग्रामीण ने की शिकायत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत के गांव बाटी निवासी एक ग्रामीण ने उसके खेत के बराबर राल ड्रेन नंबर से भूमाफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करने और उससे खेत में खड़ी फसल को नुकसान होने की शिकायत एसएसपी से करते हुए मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। गांव बाटी निवासी राजन सिंह शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके खेत के खसरा नंबर 1259 राल ड्रेन के खसरा नंबर 1434, 1435 है। जो राजस्व रिकॉर्ड में राल ड्रेन के नाम दर्ज है। 13/14 की रात को राल ड्रेन के इन खसरा नंबरों से

## माफियाओं की शिकायत करने पर भी नहीं हुई कार्रवाई

मिट्टी की खुदाई जेसीबी से करने के बाद गांव के कुछ लोगों ने ले जाकर बिक्री कर दी। इस मामले में जैंत पुलिस के साथ-साथ एसडीओ सिंचाई विभाग के अलावा पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन इस मामले में किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके चलते सरकार का लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले राजन सिंह ने कार्रवाई करने की मांग की है।

# किशोरी को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बलदेव पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जान के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मनोज उर्फ मन्नू निवासी कासिमपुर थाना बलदेव एक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गया था।

इस मामले में उसके खिलाफ थाना बलदेव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने वांछित मनोज उर्फ मन्नू को दौलतपुर अंडर पास के समीप से गिरफ्तार किया है।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
**फोन नंबर-0565-2420150,**
**मो. 9837155888**
**E-mail : uniquesamaynews@gmail.com**
**website : uniquesamay.com**
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



### आगरा मंडल में 246 खरीद केंद्र स्वीकृत

# गेहूं खरीद की तैयारी तेज मंडलायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी योजना के अंतर्गत 25 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हो गई है। मंडल के सभी जनपदों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति पूरी कर ली गई है। खरीद केंद्रों की भी मंजूरी मिल चुकी है। आगरा में 47, मथुरा में 83, फिरोजाबाद में 49 और मैनपुरी में 67 केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा मथुरा में 5 और फिरोजाबाद में 6 मोबाइल केंद्र स्वीकृत हैं, जबकि आगरा में 2 और मैनपुरी में 1 मोबाइल केंद्र की प्रक्रिया जारी है। कुल 246 केंद्रों में से 198 पर परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हो चुकी है। शेष केंद्रों के लिए ऑनलाइन निविदाएं जारी की गई हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि बोरे (बैग) की उपलब्धता का पूरा विवरण तैयार कर समय से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर आवश्यक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मजदूरों की उपलब्धता और भुगतान में देरी न हो। जिला स्तरीय अधिकारी नियमित निरीक्षण करेंगे, जबकि उपजिलाधिकारी निगरानी रखेंगे। बारिश से गेहूं को बचाने के लिए तिरपाल, पॉलीथीन कवर और क्रेट्स की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) आगरा अजय नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मथुरा अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी फिरोजाबाद विशु राजा और सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप।

**25 मार्च से शुरू हुई गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा पूरी**

**किसानों की सुविधाओं और भंडारण व्यवस्था पर विशेष जोर**

## एक शिकायत, अधिकारियों ने किए दो समाधान


बुधवार को पथवारी मंदिर गेट पर खड़े वाहन

**पथवारी मंदिर परिसर में खड़े होने वाले वाहन बताए निजी**

**अतिक्रमण से इन्कार**

**मंदिर के गेट पर खड़े रहे वाहन, अस्थाई अतिक्रमण ने रोक लिया रास्ता**

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण से जुड़े स्तर को छोड़िए। सार्वजनिक समस्याओं के निस्तारण में भी अधिकारी लीपा-पोती करते हैं। पथवारी मंदिर परिसर से जुड़ी शिकायत का निस्तारण अधिकारियों ने सफाई कर्मचारी की जानकारी पर कर दिया। सफाई कर्मचारी की जांच को सर्वोपरि मानने वाले अधिकारियों ने शिकायतकर्ता से बात करना भी उचित नहीं समझा।

कस्बा के मध्य में पथवारी मंदिर स्थापित है, जहां सामान्य दिनों के अलावा नवरात्रि के दिनों में सैकड़ों महिलाओं का पूजा करने को आना-जाना रहता है। वहीं, आए दिन कार्यक्रम भी इसी परिसर में होते रहते हैं। अब इस परिसर में काफी संख्या में वाहन खड़े किए जाते हैं और अस्थाई अतिक्रमण कर रास्ता रोका जाता है। समस्या के समाधान को नागरिकों ने आईजीआरएस पर फरवरी और मार्च में दो शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन नगर पंचायत के अधिकारियों ने दोनों शिकायतों का मनमौजी निस्तारित कर दिया। नौ मार्च को दर्ज कराई गई शिकायत की जांच तो नगर पंचायत के अधिकारियों ने सफाई कर्मचारी से ही करा ली। सुरेंद्र सिंह कार्यालय कर्मचारी की जांच पर ही शिकायत का निस्तारण कर दिया, जबकि बुधवार को भी मंदिर के गेट पर कई वाहन खड़े रहे और अस्थाई अतिक्रमण से बाजार की ओर आने वाला एक रास्ता भी अवरुद्ध हुआ, यानि पूर्व से चली आ रही समस्या यथावत बनी रही।

नागरिकों ने पथवारी मंदिर परिसर से जुड़ी इस समस्या के समाधान को फरवरी माह में भी आईजीआरएस पर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें नगर पंचायत के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने की बात पुलिस पर डालकर शिकायत का समाधान कर दिया। सवाल यह है कि समस्या का समाधान ही नहीं किया तो शिकायत कैसे निस्तारित हो गई।

## चार दिन बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राम नवमी पर बड़ा फैसला लेते हुए 26 और 27 मार्च को लगातार दो दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस निर्णय के तहत प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, बैंक और अन्य संस्थानों में दो दिन तक कामकाज बंद रहेगा। सरकार के आदेश के अनुसार 27 मार्च को राम नवमी का पूर्व निर्धारित अवकाश तो रहेगा ही, इसके साथ ही 26 मार्च को भी अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है।

दो दिन के इस अवकाश के दौरान सभी सरकारी कार्यालय, सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालय, साथ ही अधिकांश बैंक और सार्वजनिक उपक्रम बंद रहेंगे। हालांकि आवश्यक सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सरकार की ओर से 26 एवं 27 मार्च को अवकाश घोषित करने के साथ चौथे शनिवार और रविवार का भी अवकाश है। इसलिए सरकारी कार्यालय चार दिन बंद रहेंगे।




## सीडीओ ने तिमाही की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करती सीडीओ पूजा गुप्ता।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार दिसम्बर 2025 तिमाही की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं जिला परामर्शदात्री समिति बैठक हुई। बैठक में बैंकों की वित्तीय स्थिति, सीडी अनुपात, वार्षिक साख योजना 2025-26 तथा विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि मथुरा जिले 31 दिसंबर 25 तक 323 बैंक शाखाएं कार्यरत हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र की 137, अर्ध-शहरी क्षेत्र की 81 एवं शहरी क्षेत्र की 105 शाखाएं शामिल हैं। बैठक के दौरान वार्षिक ऋण योजना 2026-27 का विधिवत विमोचन किया गया। इसमें जनपद मथुरा के लिए 19,139.43 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत कृषि ऋण पर 4,753.12 करोड़ , एमएसएमई पर 8,268.31 करोड़ तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण 13,502.43 करोड़ खर्च होंगे। वार्षिक साख योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बैंक रहित क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया। 5000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों में बैंकिंग आउटलेट स्थापित करने हेतु कार्ययोजना को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, एलडीएम रवींद्र कुमार सिन्हा, भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ नितिन कुमार, नाबार्ड के डीडीएम अभिषेक शुक्ला, जीएम उद्योग विभाग चंद्रभान सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह यादव, पीओ नेडा संतोष वर्मा, एलबीओ अंशुल वार्ष्णेय, निदेशक आरसेटी भूपेन्द्र सिंह सहित सभी सरकारी एवं निजी बैंकों के जिला समन्वयक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जीआरपी की मिशन शक्ति टीम ने बरामद की गायब हुई बच्ची

**बच्ची की मां और मामा को तलाश कर बच्ची को किया सुपुर्द**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर गुम हुई चार साल की बच्ची को मिशन शक्ति टीम ने सकुशल बरामद करने के बाद परिवार को सौंप दिया। मथुरा जंक्शन थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि आज उप निरीक्षक विपिन कुमार कटारिया मय मिशन शक्ति टीम व महिला हैड कांस्टेबल राजरानी के साथ मथुरा जंक्शन के प्लेट फार्म संख्या एक पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वहां एक चार साल की बच्ची टीम को रोती हुई मिली। बच्ची के पास कोई नहीं था। महिला हैड कांस्टेबल ने बच्ची को अपनी गोद में उठाया और उसे चुप कराया। बच्ची को थाने की महिला हेल्पडेस्क पर लाकर बच्ची को बिस्कुट आदि दिए गए। बच्ची से प्यार से उसका नाम पूछा। बच्ची ने अपना नाम भी बताया। इसके बाद महिला मिशन शक्ति की टीम ने बच्ची के माता पिता को तलाश करने के लिए प्लेट फार्म संख्या एक से लेकर सभी प्लेट फार्म और अन्य स्थान पर टिकट विंडो आदि पर बच्ची के माता पिता को तलाश किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं लगा। टीम प्लेटफॉर्म संख्या एक पर फिर लौटी तो वहां एक व्यक्ति वीरेश और महिला सुमन लता निवासी भरतपुर राजस्थान मिला उन्होंने बच्ची के लापता होने के बारे में बताया। दोनों को थाना पर लाया गया। बच्ची को देख कर दोनों ने पहचान लिया। वीरेश बच्ची का मामा और महिला सुमनलता ने बच्ची को अपनी मां के रूप में पहचान लिया। पुलिस ने दोनों को बच्ची को सुपुर्द कर दिया।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एबीवीपी की विचार संगोष्ठी

# सामूहिक वंदे मातरम से गुंजायमान हुआ सभागार

संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला मथुरा (ब्रज प्रांत) के बैनर तले वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विचार संगोष्ठी एवं सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लेते हुए राष्ट्रभक्ति की भावना को व्यक्त किया। एकता गौर और गौरी सारस्वत ने वंदे मातरम् का गायन किया। मुख्य अतिथि वीएम महाविद्यालय के फर्रूखाबाद के प्राचार्य टी.पी. सिंह ने कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का प्रतीक है। इस गीत ने लाखों स्वतंत्रता सेनानियों में मातृभूमि के लिए समर्पण और बलिदान की भावना जगाई। मुख्य वक्ता प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. एस.के. राय ने कहा कि "वंदे मातरम् भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय अस्मिता और आत्मगौरव का प्रतीक है। युवाओं को इसके ऐतिहासिक महत्व को समझकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साधना प्रजापति ने कहा कि "आज का युवा यदि अपने इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ेगा, तो भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। पत्रकारिता विभाग प्रमुख आनंद त्रिपाठी ने कहा कि "वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। आज भी यह गीत राष्ट्रभक्ति और एकता की प्रेरणा देता है।" एबीवीपी के महानगर सह मंत्री अमन पाण्डेय ने कहा कि "वंदे मातरम् भारत की आत्मा और राष्ट्रगौरव का प्रतीक है। संचालन हर्षित सक्सेना ने किया।


विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

कार्यक्रम में विधि सिंह, मेघा अग्रवाल, वंशिता वैश्य, कपिल उपाध्याय, कान्हा चतुर्वेदी, सक्षम तिवारी, रुचि, ऋचा, मोहित, अनमोल दुबे, भूपेंद्र तरकर तथा सर्वेंद्र जसावत आदि उपस्थित थे। कॉलेज इकाई सह मंत्री विधि सिंह ने आभार जताया।

# निपुण विद्यालय के समारोह में 340 स्कूल हुए सम्मानित



निपुण विद्यालय के समारोह में एक शिक्षक को सम्मानित करते जीएलए यूनिवर्सिटी के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा एवं बीएसए रतन कीर्ति आदि।

## छात्रों की प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में जीएलए यूनिवर्सिटी में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौली की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। साथ ही प्राथमिक विद्यालय सनौरा की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गढ़ी रैसु के छात्रों ने "देश रंगीला" गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा। प्राथमिक विद्यालय ईशापुर के छात्रों ने जूडो–कराटे का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर 340 निपुण विद्यालयों को सम्मानित किया गया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने वाले होते हैं और बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना जरूरी है। जीएलए यूनिवर्सिटी के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अध्यापक ऐसे ही बच्चों को मेहनत कराए तो ऐसी कोई चीज नहीं है जो वह हासिल नहीं हो सकें। बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से जिले में ही नहीं कि पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है, हम सभी एक साथ ऐसे ही मेहनत करेंगे तो हर चींज हासिल हो सकती है। वरिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश शुक्ला ने सभी विद्यालयों को बधाई दी। आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रशिक्षण विक्रांत कुमार, एसआरजी अमित कुमार, दिव्या मिश्रा, शिव कुमार, एआरपी गिरीश कौशिक, स्तुति पांडेय, तेजपाल, देवेंद्र, हरवीर, राजीव, महेश चंद, भारती, देव कुमार, कपिल, प्रीती, पूरन, मुरारी, कुलवंत, जितेंद्र, प्रकाश, सुनीता, डोरीलाल, शुषेन्द्र मित्तल, राजीव तेहरिया, प्रीती सिंह, पार्वती और मनोज सहित 340 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। संचालन अमित कुमार ने किया।




# चामुंडा देवी मंदिर में कल सजेगा भव्य फूल बंगला

**यूनिक समय, मथुरा।** नवरात्रि पर चामुंडा देवी मंदिर में गुरुवार को फूल बंगला सजाया जाएगा। इस विशेष आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार, मां चामुंडा का आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के रंग–बिरंगे फूलों से बंगला सजाया जाएगा। यह फूल बंगला श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था और आकर्षण का केंद्र रहेगा। नवरात्रि के चलते मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं।



# अंगदान से कई जिंदगियों को मिली नई रोशनी

## कंसल परिवार के कदम को मिला व्यापक सम्मान

**यूनिक समय, मथुरा।** एक दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित शोक सभा एक भावपूर्ण सराहना सभा में परिवर्तित हो गई, जब मथुरा के सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर सोसायटी के डे–केयर सेंटर में एकत्रित लोगों ने श्रीमती इंदिरा कंसल एवं उनके परिवार को उनके असाधारण अंगदान के कार्य के लिए श्रद्धापूर्वक सम्मानित किया। 11 मार्च को पुणे के मणिपाल अस्पताल में श्रीमती इंदिरा कंसल को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद, उनके पति एस. के. कंसल ने अपने परिवार के पूर्ण सहयोग से उनके सभी अंग दान करने का साहसिक निर्णय लिया। इस निःस्वार्थ कार्य ने समाज के विभिन्न वर्गों से व्यापक सराहना प्राप्त की है। सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष दीपक गोयल ने इस दान को "सर्वोच्च दान" बताया। सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर सोसायटी से जुड़े एस. के. कंसल ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार जताया। सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर सोसायटी की ओर से रमन लाल गुप्ता ने इस पुण्य कार्य में कंसल परिवार के निर्णय के लिए संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया।

यह बैठक एक शिक्षाप्रद अवसर भी बनी, जहाँ रोटेरियन दीपक गोयल ने शरीरदान और अंगदान के बीच के अंतर को विस्तार से समझाया। इस सभा में कंसल परिवार के सदस्यों के साथ डॉ. शरद सक्सेना, डॉ. अशोक अग्रवाल, हीरा लाल, राधेश्याम बंसल और राजेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# अवकाश के दिनों में भी नगर निगम के कर विभाग के कार्यालय खुलेंगे

**यूनिक समय, मथुरा।** वित्तीय वर्ष 2025–26 की समाप्ति में कुछ दिन शेष है। महापौर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त जगप्रवेश के आदेश पर भवन स्वामियों को गृहकर टैक्स जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिये कार्यालय कर विभाग सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खुलेगा। लक्ष्य की पूर्ति व भवन स्वामियों से प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के लिये नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय में अवकाश के दिनों में सभी कर्मचारी /अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 26 व 27 मार्च को अन्य दिवसों की भांति कार्यालय खुलेगा। भवन स्वामियों से अनुरोध है कि वह अपने भवन का गृहकर टैक्स नजदीक जोनल कार्यालय में आकर जमा करायें। 31 मार्च 2026 के बाद बकाया राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देय होगा।

## राया में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** कस्बा राया में दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा। हनुमान भक्त मण्डल की ओर से हनुमान मढ़ी मंदिर से बीर बजरंग बली की शोभायात्रा सायं चार बजे निकाली जाएगी। यह जानकारी प्रभुदयाल शर्मा एवं अमरनाथ अग्रवाल ने दी। राष्ट्रीय हनुमान दल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा सुबह 9 बजे गणेशबाग मनकामेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। यह जानकारी डॉ. नरेंद्र रावत, विशाल पाराशर एवं देवेंद्र चौधरी ने दी। आनन्द बाग राधारानी मंदिर की ओर से एक अप्रैल को सायं चार बजे कलशयात्रा एवं हनुमान की शोभायात्रा निकलेगी। 2 अप्रैल को प्रातः 7 बजे सुंदरकांड, हवन यज्ञ एवं दोपहर को प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन कृष्णकान्त अग्रवाल एवं महंत राजकुमार शर्मा ने दी।

# किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान




किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाएं।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पल्लवी सिंह के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया। शोधार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। पहली प्रस्तुति में शोध छात्रा संगीता ने भारतेंदु हरिश्चंद्र पर व्याख्यान दिया। दूसरी प्रस्तुति में संकल्प ने लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति पर व्याख्यान दिया। तीसरी प्रस्तुति में रीतू ने भाषा एवं बोलियां पर व्याख्यान दिया। डॉ. अंजना नायक, डॉ. रूमी जायसवाल का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन डॉ. शीला देवी ने किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ निधि शर्मा के आशीर्वचन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# वित्तीय साक्षरता शिविर में किसानों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा छाता ब्लॉक के पैगांव गांव में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 किसानों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आरबीआई प्रतिनिधि एवं अग्रणी जिला प्रबंधक नितिन कुमार ने प्रतिभागियों को वित्तीय जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

शिविर के दौरान सक्रिय बचत, शिक्षा ऋण, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के सुरक्षित उपयोग तथा आवश्यकता अनुसार ही ऋण लेने और समय पर ईएमआई भुगतान करने के बारे में समझाया गया। साथ ही एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, और यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान माध्यमों की जानकारी देते हुए उनके सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया गया। लोगों को यह भी बताया गया कि अपना पिन, ओटीपी, पासवर्ड और सीवीवी किसी से साझा न करें। वित्तीय साक्षरता केंद्र के जिला प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने साइबर फ्रॉड, मनी म्यूल, फर्जी लिंक और डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए। नाबार्ड के डीडीएम अभिषेक शुक्ला ने किसानों को विभिन्न ऋण योजनाओं और सिबिल स्कोर की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाले किसानों को पुरस्कृत किया गया।

# ड्रोन प्रौद्योगिकी में रोजगार के व्यापक अवसर

## राजीव एकेडमी में कार्यशाला आयोजित



छात्र–छात्राओं को ड्रोन प्रौद्योगिकी की जानकारी देते हुए ड्रोन टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ सौरभ यादव।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को इस उभरती तकनीक के महत्व और रोजगार संभावनाओं से अवगत कराया। ड्यूकैट नोएडा के ड्रोन टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ सौरभ यादव ने एमसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रोन तकनीक कृषि, रक्षा, लॉजिस्टिक्स सहित कई क्षेत्रों में तेजी से बदलाव ला रही है। उन्होंने बताया कि ड्रोन, जिन्हें मानवरहित विमान प्रणाली कहा जाता है, बिना पायलट के संचालित होकर सेंसर और विश्लेषण तकनीकों के माध्यम से सटीक डेटा एकत्र करते हैं। कृषि में इनका उपयोग कीटनाशक छिड़काव, फसल निगरानी और मिट्टी विश्लेषण में किया जा रहा है, जबकि अन्य क्षेत्रों में भी इनकी उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। सौरभ यादव ने एआई, मशीन लर्निंग और डिजिटल ट्विन तकनीकों के साथ ड्रोन के एकीकरण को भविष्य की दिशा बताते हुए कहा कि इससे डेटा विश्लेषण और निरीक्षण कार्य और अधिक प्रभावी हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को ड्रोन निर्माण, संचालन और करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. विकास जैन ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया तथा निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

# लो बीपी के लक्षण और सुधार के उपाय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लो ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन आजकल कई लोगों में देखने को मिलता है, खासकर खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट के कारण। समय रहते इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है, ताकि गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।



सबसे सामान्य लक्षण चक्कर आना है, खासकर अचानक खड़े होने पर। इसके अलावा कमजोरी, थकान और शरीर में ऊर्जा की कमी महसूस होना भी लो बीपी का संकेत है। कई बार धुंधला दिखाई देना और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी भी होती है। गंभीर मामलों में बेहोशी, जी मिचलाना या उल्टी जैसा महसूस होना, ठंडी या पीली त्वचा भी देखी जा सकती है। लो बीपी को नियंत्रित करने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, आहार में नमक की मात्रा बढ़ाएं (डॉक्टर की सलाह के अनुसार)। शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है, इसलिए पर्याप्त पानी, नारियल पानी या नींबू पानी पिएं। चाय या कॉफी का सीमित सेवन भी ब्लड प्रेशर बढ़ाने में मदद कर सकता है। संतुलित और पौष्टिक आहार, जिसमें विटामिन और मिनरल्स शामिल हों, लो बीपी को नियंत्रित करने में सहायक होता है। हल्की एक्सरसाइज और सक्रिय जीवनशैली अपनाने से भी ब्लड प्रेशर सामान्य बना रहता है। अगर समस्या बार-बार हो रही हो तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

## बिना तेल के हेल्दी आलू कटलेट बनाने की आसान विधि



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप नाश्ते में कुछ झटपट, स्वादिष्ट और हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो बिना तेल में बने आलू कटलेट एक बेहतरीन विकल्प हैं। इसके लिए 3-4 उबले आलू को मैश करें और उसमें उबली मिक्स सब्जियां (मटर, गाजर, बीन्स) मिलाएं। अब अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, नमक और बारीक कटा हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसके बाद मिश्रण में ब्रेड क्रम्ब्स और थोड़ा कॉर्नफ्लोर या बेसन डालकर इसे बांध लें, ताकि कटलेट टूटे नहीं। अब छोटे-छोटे कटलेट बनाकर टिक्की का आकार दें और चाहें तो ऊपर से हल्का ब्रेड क्रम्ब्स कोट करें। कटलेट को नॉन-स्टिक पैन या एयर फ्रायर में धीमी आंच पर दोनों तरफ से सेकें। यदि एयर फ्रायर नहीं है, तो हल्का ग्रीस किए पैन में भी इन्हें सेंका जा सकता है। तैयार कटलेट गरमा-गरम परोसें।

# उत्तराखंड में 83 हिमालयी चोटियां पर्वतारोहण के लिए खुलीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य की 83 प्रमुख हिमालयी चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोल दिया गया है। यह कदम राज्य को वैश्विक पर्वतारोहण मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।



इन चोटियों की ऊंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है। इनमें प्रसिद्ध चोटियां शामिल हैं। ये शिखर अपनी कठिन चढ़ाई और प्राकृतिक सुंदरता के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। इस फैसले से भारतीय पर्वतारोहियों को बड़ी राहत मिली है। अब इन अधिसूचित चोटियों पर पीक फीस, कैंपिंग फीस और पर्यावरण शुल्क नहीं देना होगा। पहले यह शुल्क इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन और वन विभाग द्वारा लिया जाता था, लेकिन अब राज्य सरकार इसे वहन करेगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन उत्साही युवाओं को नया अवसर मिलेगा। विदेशी पर्वतारोहियों के लिए भी प्रक्रिया सरल कर दी गई है। अब उन्हें केवल भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन द्वारा निर्धारित शुल्क ही देना होगा। साथ ही, सभी आवेदन "उत्तराखंड माउंटेनियरिंग परमिशन सिस्टम"

### हिमालयी चोटियां खुलने से पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

के जरिए ऑनलाइन किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित होगी। इस पहल से सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को गाइड, पोर्टर, होमस्टे और परिवहन जैसी सेवाओं में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही, सरकार ने सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर सख्ती बरतते हुए "लीव नो ट्रेस" सिद्धांत को अनिवार्य किया है। कुल मिलाकर, यह पहल उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख ट्रेकिंग और पर्वतारोहण केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वाद से भरपूर कच्चे आम की देसी चटनी बनाने की आसान रेसिपी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गर्मियों में कच्चे आम की चटनी खाने का मजा ही अलग होता है। यह न सिर्फ स्वाद बढ़ाती है, बल्कि शरीर को ठंडक और ताजगी भी देती है। इसे बनाना बेहद आसान है और यह कुछ ही मिनटों में तैयार हो जाती है।

सबसे पहले 2 कच्चे आम को अच्छी तरह धोकर कपड़े से पोंछ लें। अब छिलका हटाकर आम को छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद एक ग्राइंडर जार में आम के टुकड़े, 1 कटा हुआ प्याज, 2-3 कश्मीरी लाल मिर्च, 1 चम्मच जीरा, धनिया पत्ती का गट्ठा और 10-12 छिली हुई लहसुन की कलियां डालें। इन्हें बिना पानी या जरूरत अनुसार थोड़ा पानी डालकर बारीक पीस लें। अब तैयार चटनी को एक बाउल में निकालें और उसमें आधा चम्मच काला नमक व स्वादानुसार सफेद नमक मिलाएं। अच्छी तरह मिक्स कर लें। यह चटनी रोटी, पराठा या दाल-चावल के साथ बेहद स्वादिष्ट लगती है। आप इसे फ्रिज में रखकर 2 दिन तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

## मुल्तानी मिट्टी लगाने का सही तरीका, ताकि स्किन न हो ड्राई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुल्तानी मिट्टी स्किन को साफ, फ्रेश और ऑयल-फ्री बनाने में मदद करती है, लेकिन गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर यह त्वचा को ड्राई भी बना सकती है। इसलिए इसे लगाने से पहले और बाद में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।



सबसे पहले, फेस पैक लगाने से पहले चेहरे पर हल्का मॉइश्चराइजर या एलोवेरा जेल जरूर लगाएं। इससे त्वचा पर एक सुरक्षा परत बनती है और जरूरी नमी बरकरार रहती है। दूसरा, मुल्तानी मिट्टी को सिर्फ पानी के साथ न मिलाएं। इसमें दही, शहद, गुलाब जल या दूध जैसी हाइड्रेटिंग चीजें मिलाएं। ये तत्व स्किन को पोषण देते हैं और ड्राईनेस कम करते हैं। तीसरा, फेस पैक को पूरी तरह सूखने न दें। जब यह लगभग 70-80% सूख जाए, तभी हल्के गीले हाथों से धो लें। पूरी तरह सूखने पर यह त्वचा की नमी खींच सकता है। अंत में, फेस पैक हटाने के बाद तुरंत मॉइश्चराइजर या सीरम लगाएं। इससे त्वचा सॉफ्ट, हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनी रहती है।

## कैक्टस फ्रूट और ड्रैगन फ्रूट में अंतर और फायदे जानें


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आजकल हेल्दी डाइट में कैक्टस फ्रूट या ड्रैगन फ्रूट काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। दिखने में अलग होने के बावजूद कई लोग इन्हें एक जैसा समझ लेते हैं, जबकि दोनों में कई अंतर हैं। सबसे पहले बात करें आकार और दिखावट की, तो कैक्टस फ्रूट छोटा, गोल या अंडाकार होता है और इसका छिलका मोटा व कांटेदार होता है। वहीं ड्रैगन फ्रूट आकार में बड़ा और आकर्षक होता है, जिसका गुलाबी छिलका पत्तियों जैसी संरचना वाला होता है। स्वाद की बात करें तो कैक्टस फ्रूट ज्यादा मीठा होता है, जबकि ड्रैगन फ्रूट हल्का मीठा और थोड़ा क्रीमी स्वाद देता है। ड्रैगन फ्रूट का गूदा सफेद या लाल रंग का होता है, जिसमें छोटे



काले बीज होते हैं। फायदों की बात करें तो कैक्टस फ्रूट फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन सुधारता है और ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है। यह शरीर को ठंडक भी देता है। वहीं ड्रैगन फ्रूट में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो स्किन, दिल और इम्युनिटी के लिए फायदेमंद हैं। आप दोनों फलों को सलाद, जूस या स्मूदी में शामिल कर अपने आहार को और हेल्दी बना सकते हैं।

## चेहरे पर तेजी से बढ़ रहे काले धब्बे जानें कारण और सावधानियां

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चेहरे पर अचानक और तेजी से बढ़ने वाले बिंदी जैसे काले धब्बे हाईपरपिगमेंटेशन का संकेत हो सकते हैं। यह स्थिति तब होती है जब त्वचा में मेलानिन का उत्पादन सामान्य से अधिक हो जाता है, जिससे कुछ हिस्से गहरे रंग के दिखाई देने लगते हैं। ये धब्बे हल्के भूरे से लेकर गहरे काले रंग तक हो सकते हैं और आकार में भी अलग-अलग होते हैं। हाईपरपिगमेंटेशन के मुख्य कारणों में सूरज की अधिक रोशनी, हार्मोनल बदलाव, कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट और त्वचा पर जलने या किसी क्रीम/स्किन प्रोडक्ट की प्रतिक्रिया शामिल हैं। आमतौर पर ये धब्बे चेहरे, बाहों और शरीर के उन हिस्सों पर ज्यादा दिखाई देते हैं, जहां सूर्य की रोशनी अधिक पड़ती है। हालांकि ये धब्बे सीधे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक नहीं होते, लेकिन ये तनाव और हार्मोनल असंतुलन



जैसी स्थितियों का संकेत दे सकते हैं। शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का बढ़ना हाईपरपिगमेंटेशन को और तेज कर सकता है। डार्क स्पॉट्स का उपचार समय लेने वाला होता है। हल्के धब्बों के लिए छह से बारह महीने लग सकते हैं, जबकि गहरे धब्बों के लिए कई साल का समय भी लग सकता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सही देखभाल, सूर्य से सुरक्षा और त्वचा के लिए उपयुक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से इन धब्बों को कम किया जा सकता है। सावधानी और समय पर उपचार से चेहरे की रंगत और सुंदरता को बनाए रखना संभव है।

### कंगना रनौत की स्टाइलिश साड़ियां

# गर्मियों में ऑफिस लुक के लिए परफेक्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप गर्मियों में ऑफिस के लिए हल्की, एलिगेंट और स्टाइलिश साड़ी पहनना चाहती हैं तो कंगना रनौत के साड़ी लुक्स से बेहतरीन इंस्पिरेशन ले सकती हैं। उनका फैशन सेंस ट्रेडिशनल और मॉडर्न का खूबसूरत मिश्रण है, जो ऑफिस वियर के लिए बिल्कुल परफेक्ट है।



असम टसर सिल्क साड़ी में उनका बेज और नेवी ब्लू कॉम्बिनेशन बेहद क्लासी लगता है। चौड़े बॉर्डर और ब्लॉक प्रिंट के साथ यह साड़ी एक प्रोफेशनल और एलिगेंट लुक देती है। इसके साथ मोती के झुमके और सिंपल हेयरस्टाइल लुक को और निखारते हैं। ब्राउन कॉटन टसर सिल्क कोटपाड साड़ी भी ऑफिस के लिए शानदार विकल्प है। नारंगी और काले रंग का कॉम्बिनेशन इसे यूनिक बनाता है। कंगना ने इसे मैचिंग ब्लाउज, ब्राउन लोफर्स और मिनिमल मेकअप के साथ स्टाइल किया, जो एक सटल और स्मार्ट लुक देता है। इंडिगो पोचमपल्ली इकत हैंडलूम कॉटन साड़ी गर्मियों के लिए बेहद आरामदायक है। इसके साथ नीला ब्लाउज, ब्राउन एक्सेसरीज और जूड़ा हेयरस्टाइल एक क्लासिक बोर्डरूम लुक तैयार करते हैं। मरून टसर गिचा सिल्क बांधा इकत साड़ी में बेज और मरून का मेल काफी रॉयल लगता है। स्लीवलेस बोट-नेक ब्लाउज और न्यूड मेकअप इसे और भी एलिगेंट बनाते हैं। वहीं, पटोला सिल्क साड़ी अपने जियोमेट्रिक पैटर्न और रंगों के लिए जानी जाती है। कंगना ने इसे झुमके और बिंदी के साथ स्टाइल कर ट्रेडिशनल टच दिया। इन साड़ी लुक्स को अपनाकर आप भी गर्मियों में ऑफिस में स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट नजर आ सकती हैं।

## रोज सुबह अंकुरित चना खाने के फायदे और मात्रा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अंकुरित चना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो मसल्स, हड्डियों और जोड़ों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। चना विटामिन ए, सी, डी, के और ई का अच्छा स्रोत है, साथ ही इसमें मैग्नीशियम और कैल्शियम भी मौजूद होते हैं। सुबह खाली पेट अंकुरित चना खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है, क्योंकि इसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है और लंबे समय तक पेट भरा रहता है। पाचन में सुधार होता है और कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। वेट लॉस में भी अंकुरित चना सहायक है क्योंकि यह लो कैलोरी और हाई फाइबर फूड है। इसके अलावा, चना बालों, त्वचा और नाखूनों के लिए भी फायदेमंद है। प्लांट-बेस्ड प्रोटीन की वजह से यह बालों की ग्रोथ बढ़ाता है और त्वचा को हेल्दी बनाए रखता है।

## सुविचार

**पढ़ाई कभी किसी का समय बर्बाद नहीं करती, बल्कि भविष्य को चमकाने का मौका देती है।**

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी तिथि | 04:08-01:05 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | आद्रा | 04:019-05:33 तक | माह | चैत्र |
| सूर्योदय | | 6:28 AM | चन्द्रोदय | 12:14 AM |
| सूर्यास्त | | 6:36 PM | चंद्रास्त | 02:26 AM |
| सूर्य राशि | | मीन राशि | चंद्र | मिथुन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:01-06:05 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 02:03 PM:03:34 PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# कन्या पूजन के लिए आवश्यक सामग्री और विधि

**यूनिक समय, मथुरा।** नवरात्रि का पर्व माता दुर्गा की भक्ति और आराधना का विशेष समय माना जाता है। इस दौरान अष्टमी या नवमी तिथि को कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि छोटी कन्याओं में देवी का स्वरूप होता है, इसलिए उनकी पूजा करने से माता रानी की कृपा प्राप्त होती है। यही कारण है कि भक्त पूरे श्रद्धा भाव से कन्या पूजन करते हैं।

कन्या पूजन के लिए पहले से कुछ आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था कर लेना जरूरी होता है, ताकि पूजा विधि में कोई बाधा न आए। सबसे पहले साफ जल की जरूरत होती है, जिससे कन्याओं के चरण धोए जाते हैं। उन्हें बैठाने के लिए स्वच्छ आसन रखा जाता है। तिलक करने के लिए रोली और अक्षत का उपयोग किया जाता है। चरण पोंछने के लिए एक साफ कपड़ा भी




जरूरी होता है। कन्याओं के हाथ में बांधने के लिए कलावा रखा जाता है और उन्हें ओढ़ाने के लिए चुनरी या दुपट्टा भी रखा जाता है। इसके अलावा पूजा में फल और प्रसाद का विशेष महत्व होता है। कन्या पूजन में आमतौर पर हलवा, पूरी और काले चने का भोग तैयार किया जाता है। यह भोजन कन्याओं को प्रेमपूर्वक परोसा जाता है। साथ ही उन्हें दक्षिणा या उपहार देना भी शुभ माना जाता है। अब यदि विधि की बात करें, तो सबसे पहले माता रानी की विधि–विधान से पूजा की जाती है और यदि संभव हो तो हवन भी किया जाता है। इसके बाद 2 से 10 वर्ष तक की कन्याओं को घर बुलाया जाता है। परंपरा के अनुसार उनके साथ एक बालक (लांगूर) का होना भी शुभ माना जाता है। घर आने पर सबसे पहले कन्याओं के चरण धोए जाते हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक आसन पर बैठाया जाता है।

इसके बाद उनके माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाया जाता है और हाथों में कलावा बांधा जाता है। फिर उनकी आरती उतारी जाती है और प्रेम से भोजन कराया जाता है। भोजन के बाद कन्याओं को दक्षिणा और उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया जाता है। अंत में माता रानी के जयकारे लगाए जाते हैं। ध्यान रखने वाली बात यह है कि कन्या पूजन के बाद घर में झाड़ू नहीं लगानी चाहिए, इसे अशुभ माना जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

# कामदा एकादशी पर संतान गोपाल स्तोत्र पाठ का महत्व

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दिन व्रत एवं पूजा करने से जीवन के अनेक कष्ट दूर होते हैं। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली एकादशी को कामदा एकादशी कहा जाता है, जो इस वर्ष 29 मार्च 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन विधि–विधान से पूजा करने और विशेष रूप से संतान गोपाल स्तोत्र का पाठ करने से संतान सुख की प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कामदा एकादशी का व्रत सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला माना गया है। खासकर वे दंपत्ति जो संतान प्राप्ति की इच्छा रखते हैं, उनके लिए यह दिन अत्यंत



फलदायी होता है। कहा जाता है कि यदि श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाए और संतान गोपाल स्तोत्र का पाठ किया जाए, तो संतान से जुड़ी बाधाएं दूर हो जाती हैं। संतान गोपाल स्तोत्र भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप की आराधना का एक महत्वपूर्ण स्तोत्र है। इस स्तोत्र के नियमित पाठ से न केवल संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि के लिए भी यह अत्यंत लाभकारी माना जाता है। यह स्तोत्र मन को शांति प्रदान करता है और परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कामदा एकादशी के दिन प्रातः स्नान करके व्रत का संकल्प लेना

### गोपाल स्तोत्र का पाठ करने से मिलता है संतान सुख की प्राप्ति का आशीर्वाद

चाहिए। इसके बाद घर के मंदिर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र स्थापित कर पूजा करनी चाहिए। पूजा में फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। इसके पश्चात शांत मन से संतान गोपाल स्तोत्र का पाठ करें। ध्यान रखें कि पाठ करते समय मन में पूर्ण श्रद्धा और विश्वास होना चाहिए। शाम के समय पुनः भगवान की आरती करें और व्रत कथा सुनें या पढ़ें। अंत में भगवान से संतान सुख और परिवार की खुशहाली की कामना करें। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा और स्तोत्र पाठ से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## व्रत–त्योहार का कैलेंडर 2026

- 26 मार्च, दिन गुरुवार: राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवार: कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत
- 1 अप्रैल, दिन बुधवार: चैत्र पूर्णिमा
- 5 अप्रैल, दिन रविवार: विकट संकष्टी
- 13 अप्रैल, दिन सोमवार: वरूथिनी एकादशी
- 14 अप्रैल, दिन मंगलवार: बैसाखी
- 15 अप्रैल, दिन बुधवार: बुध प्रदोष व्रत, वैशाख मासिक शिवरात्रि
- 17 अप्रैल, दिन शुक्रवार: दर्श अमावस्या, वैशाख अमावस्या
- 19 अप्रैल, दिन रविवार: अक्षय तृतीया
- 20 अप्रैल, दिन सोमवार: संकर्षण चतुर्थी
- 27 अप्रैल, दिन सोमवार: मोहिनी एकादशी
- 28 अप्रैल, दिन मंगलवार: भौम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष राशि:** कल का दिन आपके लिए नई उम्मीदें और बौद्धिक विस्तार लेकर आया है। चंद्रमा के नौवें भाव में होने से आप छोटी–मोटी रोजमर्रा की चिंताओं से मुक्त होकर कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ राशि:** कल चंद्रमा आपके आठवें भाव में हैं, जिससे आपकी छिपी हुई शक्तियां और इंट्यूशन बहुत तेज रहेगा।

**मिथुन राशि :** कल चंद्रमा आपके सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान पार्टनरशिप और जीवनसाथी पर रहेगा। आपके नौवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा धार्मिक यात्रा या उच्च शिक्षा के मामले में कुछ रुकावटें दे सकता है

**कर्क राशि :** कल चंद्रमा आपके छठे भाव में हैं, जो आपको शत्रुओं पर विजय और मेहनत करने की प्रेरणा देंगे। आपके आठवें भाव में ग्रहों की स्थिति गुप्त चिंताओं या अचानक आने वाले खर्चों का संकेत दे रही है।

**सिंह राशि :** कल चंद्रमा आपके पांचवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपकी बुद्धि और कलात्मक कौशल को बढ़ाएंगे। सातवें भाव में ग्रहों का शक्तिशाली जमावड़ा पार्टनर के साथ किसी बड़े प्रोजेक्ट या भविष्य की योजना पर चर्चा करा सकता है।

**कन्या राशि:** कल चंद्रमा आपके चौथे भाव में हैं, जिससे आपका झुकाव परिवार और सुख–सुविधाओं की ओर अधिक रहेगा। छठे भाव में ग्रहों का जमावड़ा काम के बोझ को बढ़ा सकता है, लेकिन आप अपनी चतुराई से सब संभाल लेंगे।

**तुला राशि:** कल चंद्रमा आपके तीसरे भाव में होने से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे और अटके हुए काम पूरे करेंगे। पांचवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा संतान या प्रेम संबंधों में अचानक कोई खबर ला सकता है।

**वृश्चिक राशि :** कल चंद्रमा आपके दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे धन और वाणी के क्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा।

**धनु राशि:** कल चंद्रमा आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपके चेहरे पर एक नई चमक और आत्मविश्वास दिखाई देगा।

**मकर राशि:** आपकी पेशेवर गरिमा आपको दूसरों के विवादों से बचाकर रखेगी। वक्री बुधदेव पुराने वित्तीय लेन–देन या अटके हुए बिलों को सुलझाने का मौका देंगे।

**कुंभ राशि :** कल चंद्रमा आपके ग्यारहवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे आपके लाभ के रास्ते खुलेंगे और मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :** कल चंद्रमा आपके दसवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जो आपको कार्यक्षेत्र में सफलता और नई पहचान दिलाएंगे।

# 29 मार्च को केतु का नक्षत्र परिवर्तन : इन राशियों के लिए खुलेंगे सफलता के द्वार

**यूनिक समय, मथुरा।** वैदिक ज्योतिष में केतु को एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक ग्रह माना जाता है, जो व्यक्ति के कर्म, अचानक बदलाव और आंतरिक विकास से जुड़ा होता है। 29 मार्च को केतु अपने ही नक्षत्र 'मघा' में प्रवेश करने जा रहा है, जिसे अत्यंत महत्वपूर्ण गोचर माना जा रहा है। जब कोई ग्रह अपने ही नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो उसका प्रभाव और भी अधिक प्रबल हो जाता है, जिससे जीवन में गहरे और स्पष्ट परिणाम देखने को मिलते हैं।

इस विशेष गोचर का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ रहने वाला है। इन जातकों को करियर में उन्नति, आर्थिक लाभ और नए अवसर मिलने की प्रबल संभावना है। साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि और निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत होगी। मेष राशि के लिए केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन उन्नति और लाभ का संकेत दे रहा है। इस दौरान व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। यदि आप किसी नए निवेश की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके




लिए अनुकूल साबित हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आप महत्वपूर्ण फैसले लेने में सफल रहेंगे। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और करियर में नए अवसर सामने आएंगे।

सिंह राशि वालों के लिए यह गोचर समृद्धि और सफलता का संकेत लेकर आ रहा है। पुराने निवेशों से लाभ मिलने की संभावना है और कार्यक्षेत्र में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। विदेश यात्रा या वहां करियर बनाने का

### इस विशेष गोचर का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा

सपना भी इस समय साकार हो सकता है। परिवार में सुख–शांति का वातावरण रहेगा और आप अपने कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। धनु राशि के जातकों के लिए यह समय नई उपलब्धियां लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे आपके मान–सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी बड़ी व्यावसायिक डील के मिलने की संभावना है, जो आपके आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाएगी। साथ ही विदेश यात्रा के अवसर भी मिल सकते हैं। इस दौरान आध्यात्मिकता और धर्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे मानसिक शांति का अनुभव होगा। कुल मिलाकर, केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। हालांकि, इसके प्रभाव व्यक्ति की कुंडली और ग्रह स्थिति पर भी निर्भर करते हैं। इसलिए इस समय का सदुपयोग करते हुए सोच–समझकर निर्णय लेना ही लाभदायक रहेगा।

## सम्पादकीय

# भारत की कूटनीति और मध्य एशिया की दौड़

मध्य एशिया आज वैश्विक भू–राजनीति और आर्थिक प्रतिस्पर्धा का तेजी से उभरता हुआ केंद्र बन चुका है। यह क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों, रणनीतिक स्थिति और नए बाजारों की संभावनाओं के कारण दुनिया के प्रमुख देशों के लिए आकर्षण का केंद्र है। भारत भी इस बदलते परिदृश्य में अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है और इसे केवल व्यापारिक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के रूप में देख रहा है।

भारत की विदेश नीति अब पारंपरिक कूटनीति से आगे बढ़कर आर्थिक कूटनीति पर केंद्रित हो चुकी है। यही कारण है कि मध्य एशिया के देशों–उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान–के साथ भारत के संबंध तेजी से गहरे हो रहे हैं। इन देशों के साथ ऊर्जा, बिजली, तकनीक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सहयोग बढ़ रहा है, जो आने वाले समय में भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मध्य एशिया के पास तेल, प्राकृतिक गैस और यूरेनियम जैसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए यह क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत इन देशों के साथ साझेदारी करके अपने ऊर्जा स्त्रोतों को विविधता देना चाहता है ताकि किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हो सके। इस बीच पाकिस्तान भी मध्य एशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहा है। वह अपनी भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर इन देशों को समुद्र तक पहुंच देने का प्रस्ताव रखता है। हालांकि, उसकी आर्थिक अस्थिरता, कमजोर औद्योगिक ढांचा और राजनीतिक अनिश्चितता उसकी संभावनाओं को सीमित कर देती है।



पवन गौतम
संपादक

कई मध्य एशियाई देश पाकिस्तान के साथ संपर्क में तो हैं, लेकिन दीर्घकालिक भरोसा अभी भी विकसित नहीं हो पाया है। इसके विपरीत भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था, बड़ा उपभोक्ता बाजार और तकनीकी क्षमता है। भारत एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक साझेदार के रूप में उभर रहा है, जो केवल व्यापार नहीं बल्कि विकास और निवेश का भी अवसर प्रदान करता है। हालांकि इस पूरे क्षेत्र में चीन और रूस जैसे बड़े खिलाड़ी पहले से मौजूद हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी तीव्र हो जाती है। ऐसे में भारत को अपनी रणनीति को लगातार मजबूत, व्यावहारिक और निवेश आधारित बनाए रखना होगा। अंततः कहा जा सकता है कि मध्य एशिया में चल रही यह प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच व्यापारिक दौड़ नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन के नए अध्याय की शुरुआत है। भारत यदि अपनी वर्तमान गति बनाए रखता है, तो वह इस क्षेत्र में एक मजबूत और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित हो सकता है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# धर्म, जाति और धर्मांतरण: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला और उसके व्यापक प्रभाव

ललित गर्ग

भारत जैसे बहुजातीय, बहुधर्मी और बहुसांस्कृतिक देश में धर्म, जाति और आरक्षण का प्रश्न हमेशा से संवेदनशील और जटिल रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया यह निर्णय कि अनुसूचित जाति का कोई व्यक्ति यदि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति के संवैधानिक लाभों का अधिकारी नहीं रहेगा–सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय संतुलन से जुड़ा एक दूरगामी निर्णय है। इस निर्णय ने वर्षों से चल रही बहस को नई दिशा दी है और कई महत्वपूर्ण सवालों को स्पष्ट किया है।

भारत में अनुसूचित जाति (एससी) की व्यवस्था का मूल उद्देश्य उन वर्गों को सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक संरक्षण देना था, जो सदियों से भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे। संविधान निर्माताओं ने यह माना कि केवल समानता का अधिकार देने से वास्तविक समानता स्थापित नहीं होगी, जब तक ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिए विशेष प्रावधान न किए जाएं। इसलिए आरक्षण और विशेष कानूनी संरक्षण की व्यवस्था की गई, जो मूलतः सामाजिक भेदभाव पर आधारित थी, न कि केवल आर्थिक स्थिति पर।

यहीं से यह प्रश्न उठता है कि जब कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर ऐसे धर्म को अपनाता है, जहां जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाती, तो क्या उसे उसी आधार पर अनुसूचित जाति के लाभ मिलते रहने चाहिए? सुप्रीम कोर्ट का निर्णय इसी मूल प्रश्न का उत्तर देता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरक्षण और उससे जुड़े लाभ सामाजिक वास्तविकता से जुड़े हैं, न कि केवल कानूनी पहचान से। यदि धर्म परिवर्तन के बाद व्यक्ति उस सामाजिक संरचना से बाहर निकल जाता है, जिसके कारण उसे आरक्षण मिला था, तो वह उन लाभों का हकदार नहीं रह सकता। यह फैसला केवल कानूनी स्पष्टता नहीं लाता, बल्कि एक बड़ी सामाजिक विसंगति को भी दूर करता है। लंबे समय से यह देखा जा रहा था कि कुछ लोग धर्म परिवर्तन के बाद भी अनुसूचित जाति के लाभ लेते रहे। इससे एक ओर वास्तविक जरूरतमंदों के अधिकार प्रभावित होते थे, वहीं दूसरी ओर आरक्षण व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते थे। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इस असंतुलन को ठीक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।



धर्मांतरण का मुद्दा भारत में केवल आस्था तक सीमित नहीं रहा है। कई बार यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों से भी जुड़ जाता है। विशेषकर वंचित और कमजोर वर्गों में धर्म परिवर्तन की घटनाएं समय–समय पर सामने आती रही हैं। कुछ मामलों में यह शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन की उम्मीद से जुड़ा होता है, तो कुछ मामलों में लालच, प्रलोभन या दबाव के आरोप भी सामने आते हैं। यही कारण है कि कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए हैं।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह न तो व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता को सीमित करता है और न ही आरक्षण के मूल उद्देश्य को कमजोर होने देता है। संविधान हर नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता देता है, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करता है कि सामाजिक न्याय की व्यवस्था का दुरुपयोग न हो। इस निर्णय का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह सामाजिक न्याय की अवधारणा को और स्पष्ट करता है। आरक्षण का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान और समान अवसर प्रदान करना है। यदि इस व्यवस्था का लाभ उन लोगों को मिलने लगे, जो अब उस सामाजिक भेदभाव का हिस्सा नहीं हैं, तो यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटक सकती है। ऐसे में यह फैसला आरक्षण को अधिक पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने में सहायक साबित हो सकता है।

हालांकि, इस निर्णय के कुछ सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी होंगे। कुछ वर्ग इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर अप्रत्यक्ष दबाव के रूप में देख सकते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक न्याय की दिशा में जरूरी कदम मानते हैं। यह स्वाभाविक है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर विभिन्न मत सामने आएंगे। लेकिन यह भी जरूरी है कि इस निर्णय को व्यापक सामाजिक और संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में एकता है। यहां अलग–अलग धर्म, जातियां और संस्कृतियां होते हुए भी एक साझा राष्ट्रीय पहचान है।

लेकिन यदि धर्म, जाति और आरक्षण के मुद्दे पर लगातार असंतुलन बना रहेगा, तो यह सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस संतुलन को बनाए रखने की दिशा में एक प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। इसके साथ ही यह निर्णय नीति निर्माताओं और सरकारों के लिए भी एक संकेत है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय की नीतियों को समय–समय पर समीक्षा की जरूरत है। बदलते सामाजिक परिदृश्य में यह आवश्यक है कि नीतियां भी वास्तविकताओं के अनुरूप हों। केवल राजनीतिक लाभ के लिए इन मुद्दों को उलझाना समाज के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक संदेश है। यह निर्णय बताता है कि संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और संतुलन का भी आधार है। सामाजिक न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता–दोनों को साथ लेकर चलना ही भारत की संवैधानिक शक्ति है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस फैसले को विवाद के बजाय संवाद का आधार बनाया जाए। समाज के सभी वर्गों को मिलकर यह समझना होगा कि आरक्षण का उद्देश्य क्या है और उसे किस तरह सही दिशा में उपयोग किया जा सकता है। यदि इस निर्णय को सही भावना से लागू किया गया, तो यह न केवल सामाजिक न्याय को मजबूत करेगा, बल्कि राष्ट्रीय एकता और समरसता को भी नई मजबूती देगा।

इस प्रकार, धर्म, जाति और धर्मांतरण के जटिल प्रश्न पर सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो आने वाले समय में भारत की सामाजिक और संवैधानिक दिशा को प्रभावित करेगा।

## विचार विण्डो

# उत्तर कोरिया: दिखावटी चुनाव और सत्ता का अटूट शिकंजा

राम कुमार शर्मा

उत्तर कोरिया में हुए हालिया संसदीय चुनाव एक बार फिर इस बात की पुष्टि करते हैं कि वहां लोकतंत्र केवल नाम मात्र का एक ढांचा है, जबकि वास्तविकता में पूरी व्यवस्था एक व्यक्ति और एक दल के इर्द–गिर्द केंद्रित है। दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव जनता की इच्छा, विकल्प और प्रतिस्पर्धा का प्रतीक होते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया में यह प्रक्रिया अधिकतर औपचारिकता और पूर्व–निर्धारित परिणामों का प्रदर्शन बनकर रह जाती है।

2.6 करोड़ से अधिक आबादी वाले इस देश में राजनीतिक सत्ता पूरी तरह से वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया और उसके शीर्ष नेतृत्व के नियंत्रण में रहती है। चुनावों में हर क्षेत्र से केवल एक ही उम्मीदवार खड़ा होता है, जिसे पहले से ही सत्ता प्रतिष्ठान द्वारा चुना जाता है। ऐसे में मतदाताओं के सामने वास्तविक चयन का कोई अवसर नहीं होता। उन्हें केवल "हाँ" या "नहीं" में मतदान करने का विकल्प मिलता है, लेकिन सामाजिक और राजनीतिक दबाव इतना अधिक होता है कि "नहीं" का विकल्प व्यवहार में लगभग असंभव हो जाता है।

उत्तर कोरिया में चुनावों का उद्देश्य सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सत्ता की पुष्टि करना होता है। मतदान प्रतिशत लगभग हमेशा 99 प्रतिशत से अधिक बताया जाता है, जो इस व्यवस्था की प्रकृति पर गंभीर प्रश्न उठाता है। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के लिए वहां स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया का मूल्यांकन करना संभव नहीं होता, क्योंकि देश बाहरी दुनिया से लगभग पूरी तरह कटा हुआ है।

इस राजनीतिक संरचना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्ता का केंद्रीकरण केवल शासन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर स्तर पर दिखाई देता है। मीडिया, शिक्षा, प्रशासन और यहां तक कि व्यक्तिगत जीवन भी राज्य के नियंत्रण में होता है। नागरिकों की राजनीतिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित है और विरोध की कोई संगठित संभावना मौजूद नहीं दिखाई देती।

इतिहास पर नजर डालें तो उत्तर कोरिया में बहुदलीय व्यवस्था का अस्तित्व कभी वास्तविक रूप से प्रभावी नहीं रहा। समय के साथ सत्ता एक ही राजनीतिक ढांचे के भीतर केंद्रित होती गई, जिससे लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की संभावनाएं समाप्त होती चली गईं। आज स्थिति यह है कि चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह गए हैं, जिनका उद्देश्य शासन की वैधता को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर प्रदर्शित करना होता है।



यह भी देखा जाता है कि उत्तर कोरिया में चुनावी भागीदारी को नागरिक कर्तव्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। मतदान को केवल अधिकार नहीं बल्कि एक अनिवार्य सामाजिक जिम्मेदारी माना जाता है। ऐसे माहौल में असहमति व्यक्त करना केवल राजनीतिक जोखिम ही नहीं, बल्कि सामाजिक और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन सकता है।

हालांकि, यह भी समझना आवश्यक है कि उत्तर कोरिया की यह व्यवस्था अचानक नहीं बनी, बल्कि यह दशकों की राजनीतिक, ऐतिहासिक और वैचारिक प्रक्रिया का परिणाम है। शीत युद्ध के दौर में बनी यह राज्य संरचना आज भी उसी कठोर ढांचे में काम कर रही है, जिसमें बाहरी दुनिया के साथ सीमित संपर्क और आंतरिक नियंत्रण प्रमुख विशेषताएं हैं।

आर्थिक दृष्टि से भी देश गंभीर चुनौतियों का सामना करता है। प्रतिबंधों, सीमित व्यापार और तकनीकी अलगाव के कारण विकास की गति बाधित रहती है। ऐसे में शासन अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा और वैचारिक एकता को प्राथमिकता देता है, जिससे राजनीतिक सुधारों की संभावना और भी सीमित हो जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर कोरिया की चुनावी प्रक्रिया को अक्सर आलोचना का सामना करना पड़ता है। इसे लोकतंत्र की मूल भावना-जैसे स्वतंत्र चुनाव, बहुदलीय प्रतिस्पर्धा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता-के विपरीत माना जाता है। हालांकि उत्तर कोरियाई नेतृत्व इसे अपने विशेष राजनीतिक और सांस्कृतिक ढांचे का हिस्सा बताता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि केवल उत्तर कोरिया ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी सत्ता के केंद्रीकरण और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। लेकिन उत्तर कोरिया का मामला इसलिए अलग माना जाता है क्योंकि वहां प्रतिस्पर्धा की संभावना लगभग नगण्य है और पूरी राजनीतिक संरचना एक केंद्रीकृत नेतृत्व के अधीन कार्य करती है। आज के वैश्विक परिदृश्य में जहां लोकतंत्र, मानवाधिकार और स्वतंत्रता को महत्वपूर्ण मूल्य माना जाता है, उत्तर कोरिया की व्यवस्था एक अलग और विवादास्पद उदाहरण के रूप में सामने आती है।

प्रश्न लगातार बना रहता है कि क्या ऐसी व्यवस्थाएं समय के साथ परिवर्तन की ओर बढ़ेंगी या अपनी मौजूदा संरचना को ही बनाए रखेंगी। अंततः कहा जा सकता है कि उत्तर कोरिया के चुनाव लोकतंत्र की वास्तविक भावना से अधिक एक राजनीतिक प्रदर्शन हैं, जो सत्ता की स्थिरता को दर्शाने के लिए आयोजित किए जाते हैं। वास्तविक लोकतंत्र में जहां जनता निर्णय लेती है, वहीं उत्तर कोरिया में निर्णय पहले से लिए जा चुके होते हैं, और जनता केवल उस पर औपचारिक मुहर लगाती है। यही कारण है कि यह चुनाव न तो राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बन पाते हैं और न ही बदलाव का, बल्कि यह मौजूदा सत्ता संरचना की निरंतरता का प्रतीक बने रहते हैं।

## स्पोर्ट्स मिशन 2030: यूपी के खिलाड़ी करेंगे देश का नाम रोशन

# योगी का बड़ा विजन : हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज, तैयार होंगे चैंपियन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "स्पोर्ट्स मिशन 2030" के तहत बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी देश का नेतृत्व करते हुए तिरंगा लहराएंगे। इसके लिए राज्य में खेल सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।



लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र और लक्ष्मण तथा रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिभा के साथ-साथ कड़ी मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने हर मंडल मुख्यालय पर खेल महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन खेल महाविद्यालयों को विशेष खेलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह योजना अभी से लागू की जा रही है, जिससे आने वाले वर्षों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, धैर्य और संघर्ष करना भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जितना अधिक मेहनत करेंगे, उतना ही सफलता के करीब पहुंचेंगे। हार और गिरावट भी सफलता का हिस्सा होती है, क्योंकि जो गिरकर उठता है, वही असली विजेता बनता है। कुल मिलाकर, स्पोर्ट्स मिशन 2030 के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को नई दिशा देने का प्रयास कर रही है। यदि यह योजना सफल होती है, तो आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी अलग पहचान बनाएंगे और भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

# आंध्र प्रदेश को सिनेमा हब बनाने की तैयारी, संजय दत्त की अहम मुलाकात



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने हाल ही में एन. चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की, जिसके बाद आंध्र प्रदेश को सिनेमा हब बनाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी सामने आई हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं।

इस दौरान दोनों के बीच राज्य में फिल्म उद्योग के विकास और बेहतर सिनेमैटिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने को लेकर चर्चा हुई। संजय दत्त ने आंध्र प्रदेश को फिल्म शूटिंग का प्रमुख केंद्र बनाने में रुचि दिखाई और सरकार की योजनाओं की सराहना की। माना जा रहा है कि आने वाले समय में यहां बड़े स्तर पर फिल्म प्रोजेक्ट्स शुरू हो सकते हैं। वहीं, संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। इस फिल्म में उनके अभिनय को काफी सराहा गया है।

इसके अलावा, संजय दत्त के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं। वे जल्द ही 'धमाल 4' और 'हेरा फेरी 3' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। कुल मिलाकर, यह मुलाकात न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री बल्कि आंध्र प्रदेश के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोल सकती है।

# आईपीएल फ्रेंचाइजी में आरसीबी के नए चेयरमैन होंगे आर्यमान बिड़ला




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आर्यमान बिड़ला एक पूर्व क्रिकेटर और उभरते हुए बिजनेस लीडर हैं, जो अब आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के चेयरमैन के रूप में नई भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। वे मध्य प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। हाल ही में आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने आरसीबी को करीब 1.78 बिलियन डॉलर (16,000 करोड़ रुपये से अधिक) में खरीद लिया है। इस कंसोर्टियम में कई बड़े नाम शामिल हैं, जिससे यह डील आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी डील्स में गिनी जा रही है। आर्यमान बिड़ला का क्रिकेट अनुभव और कॉर्पोरेट समझ का मेल उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए खास बनाता है। दिलचस्प बात यह है कि वे आरसीबी के कुछ मौजूदा खिलाड़ियों जैसे रजत पाटीदार और वेंकटेश अय्यर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। उनकी संपत्ति की बात करें तो यह भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली से भी कई गुना अधिक बताई जाती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि उनके नेतृत्व में आरसीबी किस नई दिशा में आगे बढ़ती है।

# एक खिलाड़ी ने पलट दिया मैच अमेलिया कर की धमाकेदार पारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक रोमांचक मुकाबले के दौरान अमेलिया कर ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में कर ने अकेले दम पर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 194 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी अमेलिया कर ने आक्रामक अंदाज में शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों में 105 रन बनाए, जिसमें 19 चौके और एक छक्का शामिल था। खास बात यह रही कि उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच सका। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर सिर्फ 102 रन ही बना सकी। यानी पूरी टीम मिलकर भी उतने रन नहीं बना पाई, जितने अकेले अमेलिया कर ने बनाए थे। इस तरह न्यूजीलैंड ने यह मुकाबला 92 रन से जीत लिया।

# प्रतिभा रांटा और रोहित सराफ के रिश्ते की चर्चा तेज





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रतिभा रांटा, जो फिल्म 'लापता लेडीज' से सुर्खियों में आईं, इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि वह बॉलीवुड अभिनेता रोहित सराफ को डेट कर रही हैं। दोनों की साथ में तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रतिभा और रोहित फिलहाल एक-दूसरे के साथ समय बिता रहे हैं और उनकी अच्छी दोस्ती है। उनके बीच खास बॉन्डिंग और सहजता देखने को मिलती है, हालांकि दोनों अभी अपने रिश्ते को कोई नाम देने में जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। अब तक किसी ने भी इन खबरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

दोनों के रिश्ते की चर्चाएं तब शुरू हुईं, जब उन्हें एक दिवाली पार्टी में साथ देखा गया। इस दौरान दोनों ने लगभग एक जैसे रंग के कपड़े पहने थे और साथ में डांस करते हुए उनका वीडियो भी वायरल हुआ था। फिलहाल, फैंस इस जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं और दोनों को साथ देखने की उम्मीद जता रहे हैं।

# आईपीएल फाइनल के हीरो: क्रुणाल पंड्या का खास रिकॉर्ड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्रुणाल पंड्या ने आईपीएल इतिहास में एक ऐसा अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया है, जिसे अब तक कोई अन्य खिलाड़ी हासिल नहीं कर पाया है। वे इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार आईपीएल फाइनल में "प्लेयर ऑफ द मैच" का खिताब जीता है। पहली बार उन्होंने यह उपलब्धि 2017 के फाइनल में हासिल की थी, जब वे मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उस मुकाबले में उन्होंने कठिन परिस्थितियों में 47 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिससे टीम को जीत मिली। यह मैच लो-स्कोरिंग रहा, लेकिन क्रुणाल की पारी निर्णायक



साबित हुई। इसके बाद 2025 के आईपीएल फाइनल में उन्होंने फिर कमाल किया, इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए। हालांकि बल्लेबाजी में वे ज्यादा रन नहीं बना सके, लेकिन गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 2 अहम विकेट लिए। उनकी इस शानदार गेंदबाजी ने टीम को खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। क्रुणाल पंड्या का यह प्रदर्शन दिखाता है कि बड़े मैचों में उनका योगदान कितना अहम रहता है। यही वजह है कि वे आईपीएल फाइनल के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।

# पंजाब में गूंजेगी हॉकी की धड़कन: एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंजाब एक बार फिर खेल जगत के केंद्र में आने जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि इस वर्ष अक्टूबर में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन पंजाब में किया जाएगा। यह पहला मौका होगा जब राज्य इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट के मैच मोहाली और जालंधर में खेले जाएंगे, जिससे प्रदेश में खेलों का माहौल और भी जीवंत हो जाएगा।



यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और एशियाई हॉकी महासंघ के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि भारतीय हॉकी की नर्सरी माने जाने वाले पंजाब में पहली बार किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है, जिसे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि इस आयोजन को लेकर हॉकी इंडिया और संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिससे टूर्नामेंट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में खेलों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है और यह टूर्नामेंट उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। जालंधर, जो लंबे समय से हॉकी का गढ़ रहा है, वहां वर्ष 2006 के बाद पहली बार कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जालंधर में 44 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय अंडर-13 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन भी किया जाएगा। यह कदम राज्य के खेल ढांचे को मजबूत बनाने और युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुल मिलाकर, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पंजाब के लिए गर्व का विषय है, जो राज्य को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

# 'द ट्रेटर्स 2' में नहीं दिखेंगी नेहा धूपिया, खुद किया खुलासा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नेहा धूपिया ने द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन में शामिल होने की खबरों पर खुद ही विराम लगा दिया है। इस शो को करण जौहर होस्ट करते हैं और इसकी घोषणा के बाद से ही कंटेस्टेंट्स को लेकर काफी चर्चाएं चल रही थीं।

हाल ही में नेहा धूपिया का नाम भी संभावित प्रतिभागियों की सूची में सामने आया था। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर साफ कर दिया कि वह इस शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा कि वह न तो 'ट्रेटर' हैं और न ही 'इनोसेंट', बल्कि इन दिनों 'डबल डेट' में व्यस्त हैं। नेहा के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि वह फिलहाल इस रियलिटी शो में नजर नहीं आएंगी। हालांकि, उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट का संकेत जरूर दिया है, जिससे उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि शो की शूटिंग इन दिनों राजस्थान में चल रही है और कई बड़े नामों को लेकर अटकलें जारी हैं। पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था, ऐसे में दूसरे सीजन को लेकर भी काफी उम्मीदें हैं।

## सीएम योगी का विस्थापित परिवारों को बड़ा तोहफा

# 136 परिवारों को मिला सम्मानजनक पुनर्वास



**यूनिक समय, बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 136 विस्थापित परिवारों को पुनर्वास का बड़ा तोहफा दिया। सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भरथापुर के करीब 500 लोगों को आवास, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों ने इन परिवारों को नजरअंदाज किया, लेकिन अब उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने का कार्य किया जा रहा है।

### योगी ने कहा, सरकार का उद्देश्य हर गरीब, दलित, पिछड़े और जनजातीय परिवार को मुख्यधारा से जोड़ना है

उन्होंने बताया कि ये परिवार लंबे समय से जंगल क्षेत्र में असुरक्षित परिस्थितियों में रह रहे थे, जहां जंगली जानवरों और प्राकृतिक खतरों का डर बना रहता था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में नई शुरुआत है। सरकार का उद्देश्य हर गरीब, दलित, पिछड़े और जनजातीय परिवार को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने "डबल इंजन सरकार" का जिक्र करते हुए कहा कि विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने डिजिटल माध्यम से 1 करोड़ 63 लाख रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की। साथ ही वन विभाग द्वारा प्रत्येक परिवार को प्रमाणपत्र और सहायता सामग्री भी प्रदान की गई।

उन्होंने आगे बताया कि कतर्नियाघाट क्षेत्र के पांच वन ग्रामों-टेड़िया, ढकिया, गोकुलपुर, बिछिया और भवानीपुर-को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है, जिससे वहां भी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। सीएम ने अंत में कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी परिवार विकास से वंचित न रहे।

### रामनवमी पर दो दिन की छुट्टी रहेगी : योगी

**यूनिक समय, लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने रामनवमी के अवसर पर बड़ा निर्णय लेते हुए 26 मार्च के साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। लगातार दो दिन की छुट्टी से भक्तों को दर्शन और पूजा में सुविधा मिलेगी, साथ ही प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी।




## आपसी कहासुनी में पत्नी की लोहे की रॉड मारकर हत्या



**यूनिक समय, सोनभद्र।** जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आपसी कहासुनी के बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। महुआवारी सिरसोती गांव में मंगलवार रात कन्हैया जाटव (34) का अपनी पत्नी कुसुम जाटव (31) से विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने लोहे की रॉड से पत्नी के सिर और पेट पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से घायल महिला को एनटीपीसी धन्वंतरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

दंपती के दो बेटे और दो बेटियां हैं। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## घरेलू विवाद बना जानलेवा, पत्नी-बेटा गिरफ्तार

**यूनिक समय, गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश बेलदार के रूप में हुई है। मंगलवार रात करीब 12:30 बजे घर में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

इस दौरान रमेश बेलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और एक बेटे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और फरार आरोपियों को जल्द पकड़ने का दावा किया है।

## बदले की आग में चली गोलियां, तीन गिरफ्तार

**यूनिक समय, वाराणसी।** वाराणसी में बीएचयू के बिड़ला छात्रावास के पास हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष तिवारी, ऋषभ राय और तपस राय शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 22 फरवरी को आरोपियों ने रोशन मिश्रा और उसके साथियों पर बदला लेने की नीयत से चार राउंड फायरिंग की थी। घटना के बाद पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। सर्विलांस और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की मदद से पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन पटना में ट्रेस की और दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 32 बोर का पिस्टल भी बरामद किया है। सभी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## ओपी राजभर का विपक्ष पर हमला गैस संकट को बताया अफवाह



**यूनिक समय, आजमगढ़।** आजमगढ़ में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

राजभर ने कहा कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि जिन परिवारों के पास पर्याप्त सिलेंडर हैं, वहीं बार-बार लाइन में लगकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सिलेंडर सामान्यतः 30 दिन तक चलता है और सरकार आपूर्ति को लेकर पूरी तरह सतर्क है। बिजली व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार में शहरों में 24 घंटे, तहसील क्षेत्रों में 20 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 18 घंटे बिजली दी जा रही है।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर अव्यवस्था और अनियमित बिजली आपूर्ति का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। राजभर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है और जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बालिका हत्याकांड पर उबाल, बुलडोजर कार्रवाई की मांग तेज

**यूनिक समय, कानपुर।** बिधनू क्षेत्र में 11 वर्षीय बालिका की हत्या के विरोध में सुहेलदेव आर्मी और स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और हत्यारोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए कानपुर-सागर हाईवे जाम करने की कोशिश की। हालांकि प्रशासन पहले से सतर्क था। भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को हाईवे तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन स्थिति नियंत्रण में रही और यातायात प्रभावित नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती और उनके अवैध निर्माण नहीं गिराए जाते, आंदोलन जारी रहेगा।

## घर में सिलेंडर फटने से भाई-बहन की मौत



**यूनिक समय, वाराणसी।** लहरतारा इलाके में गैस सिलेंडर रिसाव से हुए भीषण धमाके ने एक परिवार को तबाह कर दिया। हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि मां गिरिजा देवी और बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि मकान पूरी तरह ढह गया और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय परिवार के सदस्य अपने-अपने काम में लगे थे, तभी अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में बेटे ओम चौधरी और बेटी प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई। मां गिरिजा देवी अपने बच्चों का अंतिम बार चेहरा भी नहीं देख सकीं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घायलों को तुरंत बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से साधारण था और बेटी की शादी की तैयारी चल रही थी। इस हादसे ने न केवल एक मकान, बल्कि एक मां के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया।

## शंकराचार्य को हाईकोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर रोक

**यूनिक समय, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। यह मामला पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें नाबालिगों के यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया और शंकराचार्य की अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। उनके साथ ही उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरि समेत अन्य आरोपियों को भी राहत मिली है। यह एफआईआर प्रयागराज के झूंसी थाने में ट्रायल कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई थी। मामले में अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक रहेगी।

## सड़क हादसे में दंपति समेत तीन लोगों की मौत

**यूनिक समय, सोनभद्र।** जिले में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा करमा थाना क्षेत्र के करकी माइनर के पास रॉबर्ट्सगंज-मिर्जापुर मार्ग पर हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार, जौनपुर निवासी जय सिंह अपनी पत्नी सरिता सिंह के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में जय सिंह और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार चंदू, कृष्णा और अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चंदू ने भी दम तोड़ दिया। फिलहाल कृष्णा और अक्षय का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दूसरी बाइक पर सवार चंदू, कृष्णा और अक्षय गंभीर रूप से घायल

## बड़ा पेंशन घोटाला, मृत महिला को जीवित दिखाकर 44 लाख हड़पे




**यूनिक समय, मेरठ।** दौराला क्षेत्र में चौंकाने वाला पेंशन घोटाला सामने आया है, जहां एक मृत महिला को जीवित दिखाकर वर्षों तक लाखों रुपये निकाले गए। शाहपुर जदीद गांव की शांति देवी का निधन 9 दिसंबर 2018 को हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद उनके खाते से पेंशन निकाली जाती रही।

आरोप है कि महिला के पुत्र प्रेम सिंह ने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और जीवित प्रमाण पत्र बनवाकर बैंक को गुमराह किया। एटीएम और डिजिटल माध्यमों से करीब 44 लाख 38 हजार रुपये की रकम निकाल ली गई। यह फर्जीवाड़ा करीब सात वर्षों तक चलता रहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू हुई। बैंक प्रबंधन की शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर मामला कोर्ट पहुंचा। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचना की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### तेज रफ्तार कार से महिला की मौत, आरोपी दारोगा गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर ने तेज रफ्तार कार से एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना पंजाबी बाग इलाके में हुई। हादसे के बाद आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बाद में आरोपी दारोगा फरार हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### बंगाल चुनाव में बयानबाजी पर बवाल आयोग पहुंची टीएमसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गरमाते ही विवाद बढ़ गया है। भाजपा नेता दिलीप घोष के 'देख लेने' वाले बयान पर तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि बयान आचार संहिता का उल्लंघन है। वहीं ममता बनर्जी की पार्टी ने निष्पक्ष चुनाव के लिए कार्रवाई की मांग की है।

### समीर वानखेड़े को सुप्रीम कोर्ट से राहत, जवाब के लिए मिला समय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** समीर वानखेड़े (आईआरएस अधिकारी और पूर्व एनसीबी मुंबई प्रमुख) को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने 2021 के कोर्डेलिया क्रूज मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें चार्जशीट का जवाब देने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने कहा कि वानखेड़े को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए और फिलहाल मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### पंचकूला में 160 करोड़ एफडी घोटाला बैंक पर गंभीर आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पंचकूला नगर निगम के 160 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है, जिसमें कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारियों पर आरोप लगे हैं। फर्जी एफडी और खातों के जरिए रकम ट्रांसफर की गई। 58 करोड़ की मैच्योरिटी पर खुलासा हुआ कि दस्तावेज भी नकली थे। निगम ने एफआईआर की तैयारी शुरू कर दी है और मामले में बैंक व अन्य कर्मचारियों की भूमिका की जांच जारी है।

### ईएमआई के दबाव में होटल मालिक ने दी जान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बेलगावी में एक होटल मालिक रामा हलूरी ने आर्थिक तंगी और ईएमआई के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली। उनका छोटा "हनुमान होटल" कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर न मिलने के कारण कई दिनों से बंद था, जिससे आय रुक गई। कर्ज और बढ़ते ब्याज के कारण वह किश्तें नहीं चुका पा रहे थे। परिवार ने आर्थिक दबाव को वजह बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू से पड़ताल की जा रही है।

# सिक्किम में भारी बारिश से हालात बिगड़े चुंगथांग में 200 पर्यटक फंसे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते चुंगथांग में करीब 150 से 200 पर्यटक फंस गए हैं। प्रशासन के अनुसार, गंगटोक से लाचेन और चुंगथांग से लाचेन को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर भूस्खलन होने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

जिला कलेक्टर अनंत जैन ने जानकारी दी कि लाचेन की ओर जा रहे पर्यटक रास्ते बंद होने के कारण चुंगथांग में ही रुक गए हैं। फंसे हुए पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें आईटीबीपी शिविर और गुरुद्वारों में ठहराया गया है, जहां उनके खाने-पीने और अन्य जरूरी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। प्रशासन का कहना है कि कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह जाम हो चुकी हैं, जिससे आवागमन असंभव हो गया है। हालांकि, लाचुंग जाने वाली सड़क को आंशिक रूप से साफ कर लिया गया है और वहां से कुछ पर्यटकों को सुरक्षित गंगटोक

### पर्यटकों के लिए बारिश बनी मुसीबत

वापस भेजा गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते राहत कार्यों में भी बाधा आ रही है और अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इससे पहले भी महीने की शुरुआत में पाकयोंग, मंगन और गंगटोक जिले के कई हिस्सों में तेज आंधी और ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ था। बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी।

सिक्किम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ठंडे मौसम के लिए जाना जाता है, जहां हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन खराब मौसम और भूस्खलन की घटनाओं ने फिलहाल पर्यटन गतिविधियों को प्रभावित कर दिया है। प्रशासन को उम्मीद है कि जैसे ही मौसम में सुधार होगा और रस्ते साफ होंगे, सभी पर्यटकों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचा दिया जाएगा।

# दिल्ली में पायरेटेड किताबों का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के इंटर-स्टेट सेल (आईएससी) ने पायरेटेड किताबों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें कॉपीराइट पुस्तकों की अवैध छपाई और बिक्री की जानकारी दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान ज्वाला प्रसाद के रूप में हुई है, जो इस गैर-कानूनी नेटवर्क का



अहम हिस्सा था। 14 मार्च को शिकायत मिलने के बाद, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस रमेश चंद्र लांबा की निगरानी में टीम गठित की गई। इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया और सोहन लाल के नेतृत्व में रोहिणी सेक्टर-16 में छापेमारी की गई, जहां से 8,593 पायरेटेड किताबें बरामद हुईं। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने एक और स्थान पर छापा मारकर 11,544 किताबें जब्त कीं। इस तरह कुल बरामदगी 20,137 से अधिक हो गई। इसके अलावा आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्रेस से दो प्रिंटिंग मशीनें, चार नेगेटिव और 12 प्रिंटिंग प्लेटें भी जब्त की गईं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन कड़ी जांच में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। फिलहाल पुलिस इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# ट्रंप से क्या हुई बात? सपा नेता ने पीएम मोदी से मांगा जवाब

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत की विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई बातचीत का विवरण संसद में प्रस्तुत करने की मांग की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि भारत जैसे बड़े लोकतंत्र



को इस संकट में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश नीति पूरी तरह प्रधानमंत्री द्वारा तय की जाती है, इसलिए इस मुद्दे पर पारदर्शिता जरूरी है। यादव ने पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की जैसे देशों द्वारा मध्यस्थता के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को भी नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी भाग लेगी, जिसमें जावेद अली खान और धर्मेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके अलावा, यादव ने गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने की भी आलोचना की और कहा कि ऐसे फैसले अक्सर जनहित के खिलाफ होते हैं।

# मध्य-पूर्व में बढ़ा तनाव: ईरान के मिसाइल हमले के बीच बातचीत की कोशिशें तेज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष ने एक बार फिर तनाव बढ़ा दिया है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल हमलों की नई लहर शुरू करते हुए, मध्य-पूर्व के कई इलाकों को निशाना बनाया है। यह हमलों की 80वीं लहर बताई जा रही है, जिससे क्षेत्र में हालात और गंभीर हो गए हैं।

इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत को लेकर अधिक उत्सुकता दिखाई है। उन्होंने संकेत दिया है कि अगर समझौता होता है, तो क्षेत्र में शांति स्थापित हो सकती है। ट्रंप का कहना है कि युद्ध खत्म होने से अमेरिका को ऊर्जा क्षेत्र में भी लाभ मिल सकता है। ईरान की सैन्य कमान ने बयान जारी कर कहा है कि अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय देश मिलकर एक स्वतंत्र सुरक्षा गठबंधन बनाएं, जिसमें अमेरिका और इजराइल की भूमिका न हो। साथ ही, ईरान ने अमेरिकी कूटनीति पर अविश्वास जताते हुए स्पष्ट किया है कि वह कुछ विशेष दूतों के बजाय अन्य प्रतिनिधियों से बातचीत को प्राथमिकता देगा। वहीं, इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान के महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। दोनों पक्षों के बीच लगातार हमले और जवाबी हमले जारी हैं, जिससे भारी नुकसान की आशंका बनी हुई है। हालांकि, इस तनावपूर्ण माहौल के बीच भी बातचीत और समझौते की कोशिशें जारी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ रहा है, ताकि मध्य-पूर्व में स्थायी शांति स्थापित की जा सके।

# गुरुग्राम केस पर सुप्रीम कोर्ट सख्त पुलिस के रवैये पर जताई नाराजगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के गुरुग्राम में एक तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने इस संवेदनशील मामले में हरियाणा पुलिस के रवैये को "शर्मनाक" बताया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि पुलिस ने पीड़िता से मिलने के लिए खुद जाने के बजाय उसे थाने बुलाया।



अदालत ने इस व्यवहार को असंवेदनशील और अनुचित करार दिया। साथ ही बाल कल्याण समिति की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले भी सख्त रुख अपना चुका है। 23 मार्च की पिछली सुनवाई में कोर्ट ने गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत का कहना है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई होनी चाहिए। यह मामला लगातार अदालत की निगरानी में है और सुनवाई जारी है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने वंदे मातरम के अनिवार्य गायन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। यह याचिका गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर की गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि सर्कुलर में "मई" शब्द का प्रयोग है, जिससे यह अनिवार्य नहीं बल्कि वैकल्पिक बनता है। कोर्ट ने कहा कि याचिका केवल आशंकाओं पर आधारित है और इसमें कोई ठोस आधार नहीं है।

# कांग्रेस को मिला दफ्तर खाली करने का नोटिस, अदालत जाने की तैयारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को राजधानी दिल्ली में स्थित अपने दो पुराने दफ्तरों को खाली करने के लिए अंतिम नोटिस मिला है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संपदा विभाग ने 24, अकबर रोड और 5, रायसीना रोड स्थित कार्यालय 28 मार्च तक खाली करने के निर्देश दिए हैं।

अकबर रोड स्थित बंगला पिछले करीब 48 वर्षों से कांग्रेस का मुख्यालय रहा है, जहां पार्टी की कई महत्वपूर्ण रणनीतियां बनाई गईं। वहीं, रायसीना रोड स्थित दफ्तर में भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई की गतिविधियां संचालित होती रही हैं। सूत्रों के अनुसार, यह नोटिस अचानक जारी किया गया और पार्टी को बहुत कम समय दिया गया है। ऐसे में कांग्रेस इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख कर सकती है। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है।

गौरतलब है कि कांग्रेस ने पहले ही दिल्ली के कोटला मार्ग स्थित 'इंदिरा भवन' में अपना नया मुख्यालय स्थापित कर लिया है, लेकिन पुराने दफ्तर अभी भी उपयोग में हैं। यह मामला अब राजनीतिक और कानूनी रूप ले सकता है।

# तमिलनाडु चुनाव : एआईएडीएमके ने जारी की 23 उम्मीदवारों की पहली सूची

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एआईएडीएमके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए 23 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी प्रमुख के. पलानीसामी को एक बार फिर सेलम जिले के एडप्पाडी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने अपने कई वरिष्ठ नेताओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें दोबारा टिकट दिया है। यह चुनाव 23 अप्रैल को होने हैं, जिसमें कुल 234 सीटों पर मतदान होगा। एआईएडीएमके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सीट बंटवारे के तहत भाजपा को 27, पीएमके को 18 और एएमएमके को 11 सीटें दी गई हैं। गठबंधन को जीत का भरोसा जताया जा रहा है।

# बोरवेल खुदाई से मेट्रो सुरंग को नुकसान, पुणे में बड़ा हादसा टला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पुणे में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां बिना अनुमति बोरवेल खोदने के दौरान मेट्रो सुरंग में करीब 6 इंच का छेद हो गया। यह घटना शिवाजीनगर-स्वारगेट रूट पर हुई, जिससे महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को नुकसान उठाना पड़ा।

अधिकारियों के अनुसार, सुरंग जमीन से 60 से 100 फीट नीचे बनी है और मजबूत कंक्रीट संरचना से सुरक्षित थी, लेकिन बिना जांच और अनुमति के की गई ड्रिलिंग ने इसे नुकसान पहुंचा दिया। इस वजह से



सुरंग में पानी का रिसाव भी शुरू हो गया था। मामले में पुलिस ने ठेकेदार और मकान मालिक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। मेट्रो अधिकारियों ने नुकसान की लागत करीब 2.5 लाख रुपये बताई है। समय रहते मरम्मत कर रिसाव को रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# श्रद्धालुओं की पिकअप नगर में पलटी, महिला की मौत

## कोसी के खरोट से धौलागढ़ से लौट रहे थे श्रद्धालु

## अचानक टायर फटने से दुर्घटना में घायल हुए 25 श्रद्धालु

**यूनिक समय, कोसीकलां (मथुरा)।** नवरात्रि पर गांव खरोट से धौलागढ़ देवी दर्शन के लिए जाते खरोट गांव के श्रद्धालुओं की पिकअप राजस्थान में पलट गई। दुर्घटना में एक श्रद्धालु महिला की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। बताया गया कि मंगलवार को गांव खरोट से करीब 26 श्रद्धालु धौलागढ़ राजस्थान देवी दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद लौटते समय श्रद्धालुओं की पिकअप जैसे ही नगर के समीप पहुंचे तभी गाड़ी का टायर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। तेज रफ्तार से दौड़ती गाड़ी टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद घटनास्थल पर लोगों की चीख पुकार मच गई। टायर फटने से हुई तेज आवाज और लोगों की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस को भी इस बारे में पता लगा तो पुलिस भी वहां पहुंच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने गाड़ी में फंसे घायलों को निकाल कर नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने नौ घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें भरतपुर के चार बाग अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 75 वर्षीय गायत्री देवी की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हुए श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है। घायलों में योगेश, गुड्डी, चंचल, गीता, कमला, रेखा और ओमवती सहित अन्य लोग शामिल हैं।






# छात्र-छात्राओं ने दिया महिला सुरक्षा का संदेश

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री बाबू लाल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीओ गोवर्धन अनिल कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर, इंस्पेक्टर शिवकुमार, उप निरीक्षक हरेंद्र मलिक, महिला उपनिरीक्षक स्वाति सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से होकर डीग अड्डा, मुख्य बाजार और बड़ा बाजार, सरस्वती चौराहा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक नंदकिशोर एडवोकेट, श्री बाबू लाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लीविस कुलश्रेष्ठ, उपप्राचार्य डॉ. उम्मेद सिंह, कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज कौशिक, डॉ. योगेंद्र प्रसाद गोयल, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. शुभेन्दु विष्णु गौतम, डॉ. नवीन पाल, डॉ. जयप्रकाश सिंह, पीटीआई मोनू चौधरी, डॉ. मुक्ति दुहन, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. सुमन बघेल तथा डॉ. प्रीति वर्मा आदि उपस्थित थे।

# गऊघाट पर यमुना महारानी को लगाए गए 56 भोग


गऊघाट पर यमुना महारानी के लगाए छप्पन भोग झांकी के दर्शन।

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना आरती सेवा मंडल ने यमुना छठ पर गऊघाट पर यमुना महारानी का फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग लगाया। संस्थापक नरेश शर्मा बब्बू पंडित, अध्यक्ष गुड्डा पंडित ने बताया कि यहां दूर-दूर से लोगों ने आकर दर्शन किए। इस मौके पर राधे टीले के महंत 108 श्री कन्हैया दास महाराज, बाल आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा पिंटू, मेघ श्याम माहौर, हीरो जैन, भगत जी पान वाले, रामचंदानी, बिरजू गिलेट, सोनू, मोनू, अज्जू, मयंक अग्रवाल, भाग्यश्री मेटल वाले, मदन व्यास, महेश वर्मा, भूरा पंडित एवं श्याम चौधरी आदि मौजूद थे।

# कौन सौ काज कठिन जग माही

## मघेरा हनुमान मंदिर में गूंजा सुंदरकांड पाठ, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**यूनिक समय, मथुरा।** छटीकरा-राधा कुंड मार्ग स्थित मघेरा हनुमान मंदिर परिसर में भक्तों की ओर से आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बन गया। हनुमान जी के विग्रह का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से आरती की गई। कौन सौ काज कठिन जग माही" जैसे प्रसंगों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए इस चौपाई पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। मंदिर के महंत केशव दास उर्फ मौनी बाबा ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ केवल मानसिक शांति ही नहीं देता, बल्कि व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। मंदिर के सेवायत पवन पुजारी और वीरेंद्र पुजारी ने बताया कि हनुमान जी संकटमोचक हैं, जो निस्वार्थ सेवा और अटूट भक्ति के प्रतीक हैं। इस अवसर पर सौरभ सिसोदिया, नरेंद्र कृष्ण गौतम, दीपक, नरेश, रामकिशोर कुशवाहा, सामलदास, रमनलाल बघेल, संजय शर्मा, देवेंद्र पांडे 'डब्बू', कान्हा, लाखन सिंह आदि उपस्थित थे।

## मण्डल समीक्षा बैठक

# कर वसूली बढ़ाने और लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में लघु सभागार में मण्डल स्तरीय कर-करेत्तर और राजस्व वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों की वसूली और लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा हुई। वाणिज्य कर में मथुरा की वसूली अन्य जिलों से बेहतर रही। स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन में मैनपुरी और मथुरा ने अच्छा काम किया। आबकारी विभाग में भी मथुरा ने अपने लक्ष्य के अनुसार अच्छी वसूली की। परिवहन विभाग में आगरा और मथुरा की प्रगति सबसे कम रही। आयुक्त ने नाराजगी जताई और माह के अंत तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी स्कूल बसों की फिटनेस जांच जल्दी कराने को कहा। खनिज विभाग में फिरोजाबाद और मैनपुरी लक्ष्य से पीछे रहे, उन्हें वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बिजली विभाग में आगरा और मथुरा ने लक्ष्य से ज्यादा वसूली की। वहीं मैनपुरी ने विधिक माप में पूरा लक्ष्य हासिल किया। बाकी जिलों को भी वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आगरा और फिरोजाबाद में विविध देय की वसूली कम पाई गई, राजस्व से जुड़े मामलों (धारा 24, 34, 67, 80, 116) की समीक्षा की गई। बैठक में अपर आयुक्त राजेश कुमार, डीएम आगरा अरविंद मलप्पा बंगारी, डीएम मथुरा सी.पी. सिंह, डीएम फिरोजाबाद रमेश रंजन, डीएम मैनपुरी अंजनी कुमार सिंह, एडीएम (वित्त) शुभांगी शुक्ला और विशु राजा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**यूनिक समय, कोसीकलां (मथुरा)।** कोसीकलां के साढ़े सात बिसा (खेराल) इलाके में रहने वाली एक महिला ने छत में लगे कुंडे में धोती का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार साढ़े सात बिसा निवासी जवाहर सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी ने कमरे में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली है। इस सूचना पर पीआरवी और थाना प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर देखा तो छत में लगे कुंडे में धोती के फंदे से महिला का शव लटका हुआ था। पुलिस ने प्रथम दृष्टा घटना को आत्महत्या मानते हुए शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवा कर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राया का आतिशबाजी मेला 27 को

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** राया का आतिशबाजी मेला 27 मार्च को रात्रि आठ बजे गणेशबाग में लगेगा। इसमें दूरदराज क्षेत्र से आये आतिशबाज अपनी आतिशबाजी का प्रदर्शन करेंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश, ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, एमएलसी योगेश नौहवार, पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्यामसुंदर शर्मा तथा कृष्णकुमार शर्मा करेंगे। मेला संचालक मनोज नागर ने बताया कि आतिशबाजी मेला के उपरांत रात्रि दस बजे करन हतिसा एवं जीतू शर्मा सिमाना के मध्य रसिया दंगल का रोमांचक मुकाबला होगा।

# गौ सेवकों पर लाठी चार्ज की निंदा

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने फरसा वाले बाबा के निधन और उससे उत्पन्न हुए गौ रक्षा करने वाले गौसेवकों के खिलाफ पुलिस के लाठी चार्ज की घटना की निंदा की।

## मथुरा में सिटी गैस नेटवर्क को मिलेगी रफ्तार

# निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति होगी गठित

## विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर, हर माह होगी समीक्षा


## हर तीन माह में राज्य स्तर पर भी होगा प्रगति का आंकलन

सिटी रिपोर्टर

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में घर-घर पाइपलाइन से गैस आपूर्ति (सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन) को तेजी देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर निगरानी व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत जिला स्तर पर समिति गठित कर कार्यों की नियमित समीक्षा और समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे गैस कनेक्शन वितरण और पाइपलाइन बिछाने का काम गति पकड़ सके। सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना और विस्तार को लेकर अब जिला प्रशासन की सीधी निगरानी होगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में पुलिस, नगर निकाय, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन और गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित हो सके। समिति का मुख्य उद्देश्य गैस पाइपलाइन बिछाने में आ रही बाधाओं को दूर करना, संबंधित विभागों से समय पर अनुमति और अनापत्ति दिलाना तथा कार्यों की प्रगति की निगरानी करना है। साथ ही जहां तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें सामने आएंगी, उनका त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा। मथुरा जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में सिटी गैस परियोजना को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके तहत घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को पाइपलाइन के माध्यम से सुरक्षित और सस्ती गैस उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम होगी। जिला स्तरीय समिति की बैठक हर महीने आयोजित की जाएगी, जबकि राज्य स्तर पर भी तीन माह में एक बार समीक्षा की व्यवस्था की गई है। इससे योजनाओं की प्रगति पर लगातार नजर रखी जा सकेगी और आवश्यक निर्णय समय पर लिए जा सकेंगे।

इस नई व्यवस्था से मथुरा में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार तेज होगा, साथ ही लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ऊर्जा उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी जल्द हासिल किया जा सकेगा।

# राम जन्मोत्सव पर मथुरा से पहुंचा श्रद्धा का उपहार



**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रबंधन द्वारा सनातन धर्म को दृढ़ता प्रदान करते हुए पूर्व में काशी विश्वनाथ मंदिर हेतु महाशिवरात्रि व होली पर नवाचार का आरम्भ कर प्रसाद, उपहार, वस्त्रादि भेजे जाने के बाद अब राम जन्मोत्सव पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रतिनिधि स्वरूप उपहार, मिष्ठान्नादि, फल, मेवा व वस्त्रादि लेकर पहुंचे। मथुरा से गए विजय बहादुर सिंह, डॉ. संजय अग्रवाल व पूर्व पार्षद श्रीमती नीता सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी श्री अनिल मिश्र के साथ श्री रामलला को अर्पित किए।